रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 110] नई दिल्ली, मंगलवार, अप्रैल 12, 2016/चैत्र 23, 1938
No. 110] NEW DELHI, TUESDAY, APRIL 12, 2016/ CHAITRA 23, 1938

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
(वाणिज्य विभाग)

(पाटनरोधी और संबद्ध शुल्क महानिदेशालय)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 12 अप्रैल, 2016

(अंतिम जांच परिणाम)

विषय : रूस के मूल की अथवा वहां से निर्यातित "पोलीटेट्राफ्लोरोथिलीन या पीटीएफई" के आयात संबंधी पाटन-रोधी जांच की निर्णायक समीक्षा (एसएसआर)।

क. फा. सं. 15/2/2015-डीजीएडी.—पृष्ठभूमि

मूल जांच

1. यत: निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिसे आगे प्राधिकारी भी कहा गया है) ने दिनांक 22 जनवरी, 1999 की अधिसूचना संख्या 24/1/1998-डीजीएडी द्वारा रूस के मूल की अथवा वहां से निर्यातित "पोलीटेट्राफ्लोरोथिलीन या पीटीएफई" (जिसे आगे संबद्ध वस्तुएं कहा गया है) के आयात संबंधी मूल पाटन-रोधी जांच की शुरूआत की थी। प्राधिकारी द्वारा दिनांक 9 जून, 1999 की अधिसूचना संख्या 24/1/1998-डीजीएडी द्वारा रूस के मूल की अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तुओं के आयातों पर अनंतिम पाटन-रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करते हुए प्रारंभिक जांच परिणाम जारी किए थे। केन्द्रीय सरकार द्वारा दिनांक 30 जून,1999 की अधिसूचना संख्या 83/99-सीमा शुल्क द्वारा रूस के मूल की अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तुओं के आयातों पर अनंतिम शुल्क लगाया गया था। प्राधिकारी की अंतिम जांच परिणाम संबंधी अधिसूचना, दिनांक 13 अक्टूबर, 1999 की अधिसूचना संख्या 21/1/1998-डीजीएडी के अंतर्गत प्रकाशित की गई थी। केन्द्रीय सरकार द्वारा संबद्ध देश के मूल की अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तुओं के आयातों पर निश्चयात्मक पाटन-रोधी शुल्क, दिनांक 30 दिसंबर, 1999 की अधिसूचना संख्या 141/99-सीमा शुल्क द्वारा लगाया गया था ।

प्रथम निर्णायक समीक्षा

2. और यत: हिन्दुस्तान फ्लूरोकार्बन्स लिमिटिड द्वारा प्रस्तुत किए गए आवेदन पत्र के आधार पर प्राधिकारी ने दिनांक 13 अक्टूबर, 2003 की अधिसूचना संख्या 15/6/2003-डीजीएडी द्वारा प्रथम निर्णायक समीक्षा जांच (एसएसआर) शुरू की थी और दिनांक 7 अक्टूबर, 2004 की अधिसूचना संख्या 15/6/2003-डीजीएडी द्वारा पाटन-रोधी शुल्क को निरंतर लागू रखे जाने की सिफारिश की थी, जो कि केन्द्रीय सरकार द्वारा दिनांक 18 नवंबर, 2004 की अधिसूचना संख्या 110/2004-सीमा शुल्क द्वारा द्वारा लगाया गया था।

द्वितीय निर्णायक समीक्षा

3. यत: गुजरात फ्लूरोकार्बन्स लिमिटिड द्वारा प्रस्तुत किए गए आवेदन पत्र के आधार पर प्राधिकारी ने दिनांक 27 फरवरी, 2009 की अधिसूचना संख्या 15/30/2008-डीजीएडी द्वारा द्वितीय निर्णायक समीक्षा जांच (एसएसआर) शुरू की थी और दिनांक 26 फरवरी, 2010 की अधिसूचना संख्या 15/30/2008-डीजीएडी द्वारा पाटन-रोधी शुल्क को निरंतर लागू रखे जाने की सिफारिश की थी, जो कि केन्द्रीय सरकार द्वारा दिनांक 3 मई, 2010 की अधिसूचना संख्या 57/2010-सीमा शुल्क द्वारा द्वारा लगाया गया था।

तृतीय सतत निर्णायक समीक्षा

4. यत: गुजरात फ्लूरोकार्बन्स लिमिटिड (जिसे आगे "याचिकादाता" कहा गया है) ने प्राधिकारी को आवेदन पत्र प्रस्तुत करके तृतीय निर्णायक समीक्षा जांच शुरू करने और रूस (जिसे आगे "संबद्ध देश" गया है) मूल की अथवा वहां से निर्यातित "पोलीटेट्राफ्लोरोथिलीन या पीपीई" (जिसे आगे पीटीपीई या संबद्ध वस्तुएं या विचाराधीन उत्पाद कहा गया है) के आयातों पर विद्यमान पाटन-रोधी शुल्क की अवधि को आगे बढाने का अनुरोध किया था। प्राधिकारी ने दिनांक 13 अप्रैल, 2015 की अधिसूचना संख्या 15/2/2015-डीजीएडी द्वारा तृतीय निर्णायक समीक्षा जांच शुरू की है।

अन्य संबद्ध पाटन-रोधी जांच

5. रूस पर पाटन-रोधी शुल्क लगाने के अतिरिक्त चीन जनवादी गणराज्य से आयातित संबद्ध वस्तुओं पर भी वर्ष 2005 से पाटन-रोधी शुल्क लग रहा है।

ख. क्रिया-विधि

6. प्राधिकारी ने इस जांच के संबंध में निम्नोक्त क्रिया-विधि का अनुसरण किया है :-

(1) प्राधिकारी को रूस से पीटीएफई के आयातों पर लागू शुल्क की समीक्षा करने और उसे जारी रखने के लिए गुजरात फ्लूरोकार्बन्स लिमिटिड से निर्णायक समीक्षा जांच संबंधी विधिवत अधिप्रमाणित आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है।

(2) याचिकादाता ने इस संबंध में प्रथम दृष्टया प्रमाण प्रस्तुत किए है और लागू पाटन-रोधी शुल्क की समीक्षा करने और उसे निरंतर जारी रखने का अनुरोध किया है।

(3) प्राधिकारी ने नई दिल्ली में स्थित रूस के दूतावास को यह सूचित किया है कि उसे रूस के मूल की अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तुओं के आयातों के विरूद्ध निर्णायक समीक्षा जांच शुरू करने के लिए घरेलू उद्योग से याचिका प्राप्त हुई है।

(4) प्राधिकारी ने ऐसी जांच की शुरूआत को यथोचित ठहराने के लिए याचिकादाता द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रथम दृष्टया प्रमाणों के आधार पर दिनांक 13 अप्रैल, 2015 से रूस के मूल की अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तुओं के आयातों के खिलाफ निर्णायक समीक्षा जांच की शुरूआत की है।

(5) प्राधिकारी ने भारत में संबद्ध देश के दूतावास और आवेदक द्वारा उपलब्ध कराए गए पतों के अनुसार ज्ञात निर्यातकों, ज्ञात आयातकों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को दिनांक 13 अप्रैल, 2015 की जांच शुरूआत करने संबंधी अधिसूचना की एक प्रति भेज दी थी और उनसे अनुरोध किया था कि वे जांच शुरू करने की अधिसूचना की तारीख से 40 दिनों के भीतर अपने लिखित विचारों से उन्हें अवगत करा दें।

(6) प्राधिकारी ने उपरोक्त नियमावली के नियम 6 (3) के अनुसार आवेदन पत्र के अगोपनीय वृतान्त की एक प्रति ज्ञात उत्पादकों और निर्यातकों तथा भारत में रूस के दूतावास को भेज दी थी।

(7) ज्ञात हितबद्ध पक्षकारों से यह अनुरोध किया गया था कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रश्नावली के उत्तर प्रस्तुत कर दें तथा अपने विचारों से अवगत करा दें। निर्यातकों को प्रेषित किए गए पत्र और प्रश्नावली की प्रतियां संबद्ध देश के दूतावास को ज्ञात निर्यातकों/उत्पादकों की सूची सहित इस अनुरोध के साथ भेजी गई थी कि वह संबद्ध देश के निर्यातकों/उत्पादकों को यह सलाह दें कि वे अपने उत्तर निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रस्तुत कर दें।

(8) नियमावली के नियम 6 (2) के अनुसार भारत में रूस के दूतावास को निर्णायक समीक्षा जांच शुरू करने के बारे में सूचित कर दिया गया था तथा उनसे अनुरोध किया गया था कि वे रूस से निर्यातकों/उत्पादकों को यह सलाह दें कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपने उत्तर प्रस्तुत कर दें। निर्यातकों को प्रेषित किए गए पत्र और प्रश्नावली की एक प्रति, ज्ञात संबद्ध उत्पादकों/निर्यातकों के नामों और पतों के साथ रूस के दूतावास को भी भेजी गई थी।

(9) नियमावली के नियम 6 (4) के अनुसार संबद्ध सूचना प्राप्त करने के लिए रूस में निम्नलिखित ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को निर्यातक की प्रश्नावलियां भेजी गई थीं :-

- ओएओ हेलो पोलीमर
- हरास्ट लिमिटिड
- जेमपैक इंटरप्राईजिज लिमिटिड
- किरोवो-चेपेटस्की ख्मिचेक्सी

(10) संबद्ध जांच की शुरूआत करने के संबंध में संबद्ध देश से केवल ओएओ हेलो पोलीमर ने प्रश्नावली के उत्तर प्रस्तुत करके अपने उत्तर प्रस्तुत किए हैं।

(11) प्राधिकारी ने नियमावली के अनुसार आवश्यक सूचना मंगाने के लिए भारत में संबद्ध वस्तुओं के निम्नलिखित ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं/एसोसिएशनों को आयातक की प्रश्नावलियां भेजी थीं :-

क्र. सं.	आयातक/प्रयोक्ता/एसोसिएशन	क्र.सं	आयातक/प्रयोक्ता/एसोसिएशन	क्र.सं	आयातक/प्रयोक्ता/एसोसिएशन
1	मेरठ पीटीईएफ प्रोडक्ट्स प्राईवेट लिमिटिड	2	मकैनिकल पैकेजिंग इंडस्ट्रीज	3	पौली फ्लूरो प्रॉडक्ट्स
4	ट्रीस्टार इलेक्ट्रोनिक्स	5	माच पालीमर्स	6	हिंदुस्तान पालीमर्स
7	टॉक एंड एसोसिएट्स (प्रा.) लि.	8	टी एंड एफॅं इंसुलेशन्स प्राईवेट लिमिटिड	9	कनन पॉलीमर्स
10	ई.आई डयूपोंट इंडिया प्राईवेट लिमिटिड	11	गाजियाबाद फलोपोल इंसुलेशन्स प्राईवेट लिमिटिड	12	टेफकोट केबल कंपनी
13	टी एंड एफ इंशुलेशन्स (प्राईवेट) लिमिटिड	14	सांघवी टेकनो प्रोडक्ट्स	15	इलैक्ट्रोपॉलीमर्स
16	सांघवी प्रोडक्ट्स	17	डिप फ्लोन इंजीनियरिंग एंड कंपनी	18	फ्लूरो कार्बन सील्स
19	यू. गोयन्का एंड सन्स लिमिटिड	20	जय हिन्द पोलीमर्स	21	एस.एन. इंटरप्राइजेज
22	प्रगति इंटरनेशनल	23	धावनी पोलीमर इंडस्ट्रीज	24	प्रीसीजन पॉलीमर इंडस्ट्रीज
25	वीनस इंडस्ट्रीज	26	अफ्लोन इंजीनियरिंग कापेरिशन	27	सारासन्स इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज
28	सुप्रीमो पोलीमर इंडस्ट्रीज	29	पैकलोन इंडस्ट्रीज	30	फलूरोफलोन इंडस्ट्रीज
31	गुरानीफलोन इंडिया प्राईवेट लिमिटिड	32	अंगना इंटरनेशनल	33	विमल पोलीमर इंडस्ट्रीज

34	टी कोटिंग इंडस्ट्रीज	35	गोडनीफ्लोन इंडिया प्राईवेट लिमिटिड	36	ट्रेफ्लोन पोलीमरइंडस्ट्रीज
37	प्रगति प्लास्टिक प्राईवेट लिमिटिड	38	फ्लूरोप्लास इंडस्ट्रीज	39	डायन्मिक(जीएलएस)इंडस्ट्रीज
40	ओटोमेट इंडस्ट्रीज	41	ऑटोमेट इंडस्ट्रीज	42	पीटीईएफ रबड वर्कस
43	डिप फ्लोन इंजीनियरिंग कंपनी	44	सांघवी टेकनो प्रोडक्ट्स	45	मेकेनिकल सील्स एंड पेकेजिंग
46	प्लास्टिक प्रोडक्ट इंजीनियरिंग कंपनी	47	गणेश फलोन	48	एपेक्स पोलीमर्स
49	कोरोस्सियन इंजीनियर्स	50	जीएमए पी. फोंडलर लिमिटिड	51	मॉडम इंटरनेशनल कार्पोरेशन
52	टीएफई कोटिंग इंडस्ट्रीज	53	एक्यूरेट पैकेजिंग एंड सील्स	54	जे. के. पोलीमर इंडस्ट्रीज
55	वी. बी. इंडस्ट्रीज	56	नेशनल फ्लोमर्स	57	गेलेक्सी थर्मोप्लास्ट प्राईवेट लिमिटेड
58	वी. वी. फ्लोरो प्रोडक्ट्स	59	नियो वायरस एंड एलाईड प्रोडक्ट्स प्राईवेट लिमिटिड	60	मोर फ्लोन इंडस्ट्रीज
61	एस. इंडस्ट्रीज	62	त्रिमूर्ति पोलीमर्स	63	पोलीमर्स
64	किरण इंजीनियरिंग	65	इगाट्विन पोलीमर्स प्राईवेट लिमिटिड	66	गर्ग साईंटिफिक इंस्टरूमेंट्स
67	आशीष डाईज एंड मोल्ड्स	68	श्रृद्धा पोलीमरइंडस्ट्रीज	69	श्याम पोलीमर्स
70	फ्लूरो-टेक इंजीनियरिंग प्राईवेट लिमिटिड	71	ट्रेल्लेबोर्ग सीलिंग सॉलूशन्स	72	बाबूजी इलेक्ट्रोनिक्स एंड केमिकल्स
73	मास्क सील्स कंपनी	74	रोल्लन बीयरिंग्स प्राईवेट लिमिटिड	75	फ्लूकोन पोलीमर्स प्राईवेट लिमिटिड
76	सनफ्लोन इंडस्ट्रीज	77	विशन पोलीमर्स	78	फ्लूरोक्राफ्ट प्राईवेट लिमिटिड
79	आरती इंजीनियरिंग प्लास्टिक्स	80	एच आई एल पोलीमर्स	81	इंडोफेब इंजीनियर्स
82	केदार पोलीमर्स	83	रसाली फलो लाईन्स	84	पीकेएन केप्स एंड पोलीमर्स प्राईवेट लिमिटिड
85	फ्लूरो इंटरप्राईजिज प्राईवेट लिमिटिड	86	फलोरोथर्म इंडस्ट्री	87	कर्नाटक पोलीमर
88	बाफना इंडस्ट्रियल स्टोर्स	89	क्सोमोक्स संसार लिमिटिड	90	एमआई एल इंडस्ट्रीज लिमिटिड
91	इंडस्ट्रियल स्पेयर्स मेन्युफैक्चरिंग एंड ट्रेडिंग कंपनी	92	हिन्दुस्तान नायलोन्स	93	पोली फ्लूरो लिमिटिड
94	फाईनर इंटरप्राईजिज प्राईवेट लिमिटिड	95	स्पेयरेज इंडिया लिमिटिड	96	सिलफ्लोन पोलीमर्स
97	श्री जी फ्लोरो पोलीमर्स प्राईवेट लिमिटिड				

(12) उपरोक्त अधिसूचना के उत्तर में मेसज एमआईएल इंडस्ट्रीज लिमिटिड, मेसर्ज नियो वायरस एंड एलाईड प्रोडक्टस लिमिटिड, मेसर्ज लोल्लन बीयरिंग्स प्राईवेट लिमिटिड, मेसर्ज फ्ल्यूरो टेक इंजीनियरिंग प्राईवेट लिमिटिड और मेसर्ज त्रिमूर्ति पोलीमर्स ने अपने निवेदनों में यह सूचित किया है कि वे संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं के आयात नहीं कर रहे हैं। मेसर्ज गुयारनीफ्लोन इंडिया लिमिटिड (जीआईपीएल) द्वारा प्रस्तुत किए गए आयातक प्रश्नावली के उत्तरों में यह बताया है कि उसने जांच अवधि में तथा विगत वर्षों में संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं के आयात किए हैं।

(13) जिन निर्यातकों, उत्पादकों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने प्राधिकारी को अपने उत्तर प्रस्तुत नहीं किए है और जिन्होंने इस जांच से संबद्ध कोई सूचना प्रस्तुत नहीं की है, उन्हें असहयोगी माना गया है।

(14) पाटन-रोधी शुल्क नियमावली के नियम 6 (6) के अनुसार प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों को 2 फरवरी, 2016 को हुई मौखिक सुनवाई के दौरान अपने विचारों को मौखिक रूप से व्यक्त करने का अवसर प्रदान किया था। इस मौखिक सुनवाई में जिन हितबद्ध पक्षकारों ने मौखित रूप से अपने विचार व्यक्त किए थे उन्हें सलाह दी गई थी कि वे अपने विचारों को लिखित रूप में भी प्रस्तुत करें । प्राधिकारी ने पक्षकारों से प्राप्त हुए निवेदनों पर उचित रूप से विचार

किया है । 2 फरवरी, 2016 को हुई मौखिक सुनवाई में मेसर्ज जीआईपीएल ने भाग नहीं लिया था, लेकिन उसे दिनांक 19 फरवरी, 2016 को हुई मौखिक सुनवाई में भाग लेने का अवसर प्रदान किया गया था ।

(15) जितना आवश्यक समझा गया था, आवेदक और अन्य हितबद्ध पक्षकारों से अतिरिक्त सूचना मांगी गई थी ।

(16) आयातों की मात्रा और मूल्य तथा क्षति का विश्लेषण करने के लिए जांच की अवधि सहित विगत तीन वर्षों के लिए महानिदेशक, वाणिज्यिक सूचना और सांख्यिकीय (डीजीसीआईएंडएस) से प्राप्त किए गए संबद्ध वस्तुओं के आयातों के ब्यौरों के आंकडों पर विश्वास किया गया है ।

(17) घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना के आधार पर भारत में संबद्ध वस्तुओं के उत्पादन की अनुकूलतम लागत और निर्माण की लागत तथा बिक्री की लागत का आकलन, सामान्य स्वीकृत लेखाकरण सिद्धांतों (जीएपीपी) के आधार पर किया गया है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या पाटन मार्जिन से कमतर पाटन-रोधी शुल्क घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति को दूर करने के लिए पर्याप्त होगा । पाटन-रोधी नियमावली के अनुबंध-3 के अतर्गत निर्धारित सिद्धांतों के अनुसार प्राधिकारी द्वारा एनआईपी का निर्धारण किया गया है ।

(18) वर्तमान निर्णायक समीक्षा जांच के प्रयोजनार्थ इस जांच की अवधि अकटूबर, 2013 से सितंबर, 2014 तक है और क्षति की जांच अवधि में वर्ष 2010 –11, 2011-12, 2012-13 और जांच की अवधि (पीओआई) भी शामिल है ।

(19) जांच प्रक्रिया के दौरान हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए निवेदनों को जहां कभी भी प्रासंगिक पाया गया है, उन पर इस परिणाम में विचार किया गया है ।

(20) घरेलू उद्योग और साथ ही सहयोगी आयातक द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना और आंकडों के संबंध में जितना आवश्यक समझा गया था, उनकी उतनी जांच की गई है ।

(21) हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रस्तुत की गई सूचना की गोपनीयता के दावों की प्राधिकारी द्वारा उनकी पर्याप्तता के संदर्भ में जांच की गई है । प्राधिकारी ने जहां कहीं भी आवश्यक समझा है, संतुष्ट होने पर गोपनीयता के दावे को स्वीकार किया है तथा उसे गोपनीय सूचना माना है और अन्य हितबद्ध पक्षकारों प्रकट नहीं किया है । जहां कहीं भी संभव हुआ है, वहां हितबद्ध पक्षकारों को निर्देश दिया गया है कि वे गोपनीय आधार पर प्रस्तुत की गई सूचना के पर्याप्त अगोपनीय वृतान्त प्रदान करें ।

(22) जहां कर्ही भी किसी हितबद्ध पक्षकार ने मौजूदा जांच की प्रक्रिया के दौरान आवश्यक सूचना का अभिगमन करने अथवा उसे अन्यथा प्रदान नहीं करने से मनाही की है अथवा जांच में विशेष रूप से अडचन पैदा की है, प्राधिकारी ने ऐसे हितबद्ध पक्षकार को असहयोगी माना है और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर परिणामों को दर्ज किया है ।

(23) प्रकटन विवरण 31.03.2016 को जारी कर दिया गया था और इस प्रकटन पर टिप्पणियां 05.4.2016 तक आमंत्रित की गई हैं । प्रकटीकरण के लिए टिप्पणियों पर समुचित ध्यान दिया गया है ।

(24) *** हितबद्ध पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर प्रस्तुत की गई सूचना का परिचायक है और नियमावली के अनुसार प्राधिकारी द्वारा उसे गोपनीय माना गया है ।

(25) इस परिणाम में प्राधिकारी द्वारा अपनाई गई औसत विनिमय दर 1 अमरीकी डालर = 61.65 रुपए है ।

ग. <u>विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु</u>

<u>घरेलू उद्योग द्वारा किए गए निवेदन</u>

7. विचाराधीन उत्पाद के दायरे के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा किए गए निवेदन निम्नानुसार हैं:—

(क) वर्तमान निर्णायक समीक्षा जांच में विचाराधीन उत्पाद "पोलीटेट्राफ्लोरोथिलीन" है जिसे बाजार में "पीटीएफई" के नाम से भी जाना जाता है और जो रूस के मूल की अथवा वहां से निर्यातित है । पीटीएफई का उत्पादन विभिन्न ग्रेडों में किया जाता है, जैसे कि मोल्डिंग ग्रेड, फाईन पाउडर, ओक्यिस डिस्पर्सन और फिल्ड ग्रेड्स के कम्पाउंड ग्रेड । विगत मामले में शामिल किए गए सभी ग्रेड और वर्तमान शुल्क वर्तमान समीक्षा के दायरे के भीतर है । पीटीएफई का मुख्यतया उपयोग

इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रोनिक, मेकेनिकल और रासायनिक उद्योगों में उसकी विशिष्ट विशेषताओं के कारण किया जाता है, जैसे कि रसायनिक इनर्टनेस, इलेक्ट्रिकल और थर्मल इंसुलेशन, लो कोएफीसियेंट आफ फ्रेक्शन, नॉन-टॉक्सिक, नॉन-फ्लेमेबल, रेडिएशन प्रतिरोधी, स्टेटिक का निम्न स्तर और डायमनि फ्रेक्शन तथा व्यापक फ्रीक्वेंसी सीमा में विशिष्ट विद्युतीय गुण क्षमताएं।

(ख) पोलीटेट्राफ्लोरोथिलीन (पीटीएफई) को सीमा-शुल्क टैरिफ अधिनियम के अंतर्गत उप-शीर्ष 390461 के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है। सीमा-शुल्क का ऐसा वर्गीकरण निर्देशात्मक मात्र है और यह किसी भी तरीके से इस जांच के कार्य-क्षेत्र पर बाध्यकारी नहीं है।

(ग) घरेलू उद्योग द्वारा निर्मित की जा रही वस्तुएं तथा संबद्ध देशों से आयातित संबद्ध वस्तुएं उनके भौतिक और रासायनिक लक्षणों, विनिर्माण प्रकिया और प्रोद्योगिकी, कार्यों और उपयोगों, उत्पाद विनिर्देशनों जैसी विशेषताओं, कीमत, वितरण और विपणन तथा टैरिफ वर्गीकरण की दृष्टि से समान वस्तुएं हैं। उपभोक्ता उनको एक दूसरे के स्थान पर प्रयुक्त कर सकते हैं।

(घ) उसके द्वारा निर्मित संबद्ध वस्तुएं और संबद्ध देश से आयातित संबद्ध वस्तुएं पाटन-रोधी नियमावली में उल्लिखित परिभाषा के भीतर समान वस्तुएं हैं।

अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए निवेदन

8. विचाराधीन उत्पाद के दायरे के संबंध में किसी भी हितबद्ध पक्षकार द्वारा कोई निवेदन नहीं किया है।

प्राधिकारी द्वारा जांच

9. प्राधिकारी नोट करते हैं कि जब कि घरेलू उद्योग द्वारा विचाराधीन उत्पाद के विभिन्न ग्रेड विनिर्मित किए जाते हैं, जांच अवधि के दौरान रूस से आयात एक विभिन्न ग्रेड (4 आरबी) के हुए हैं जो कि मेसर्ज जीआईपीएल, आयातक द्वारा किए गए हैं और मेसर्ज ओएओ हेलो पोलीमर, उत्पादक द्वारा विनिर्मित किए गए हैं। "क्षति" और "मार्जिन" का मूल्यांकन करने के लिए उनकी तुलना अलग-अलग ग्रेड के आधार पर की जाती है ताकि उपयुक्त "वस्तु दर वस्तु" की उचित तुलना सुनिश्चित की जा सके। प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्तमान जांच एक निर्णाय समीक्षा जांच है और करने के लिए प्राधिकारी द्वारा परिभाषित किए गए विचाराधीन उत्पाद की परिभाषा और कार्य-क्षेत्र में से किसी भी विशिष्ट ग्रेड को बाहर निकालने/शामिल करने के लिए किसी भी हितबद्ध पक्षकार द्वारा कोई खंडन नहीं किया गया है, विचाराधीन उत्पाद के कार्य-क्षेत्र को वही रखा गया है जो कि विगत अंतिम जांच परिणाम के समय निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा विचारित किया गया था।

विचाराधीन उत्पाद और "समान वस्तु"

"5. वर्तमान मामले में विचाराधीन उत्पाद, "पोलीटेट्राफ्लोरोथिलीन (जिसे पीटीएफई भी कहा जाता है) है जो कि रूस के मूल का है अथवा वहां से आयातित किया जाता है। पीटीएफई का उत्पादन विभिन्न ग्रेडों में किया जाता है, जैसे कि मोल्डिंग ग्रेड, फाईन पाउडर, ओक्यिस डिस्पर्सन और फिल्ड ग्रेड्स के कम्पाउंड ग्रेड। विगत मामले में शामिल किए गए सभी ग्रेड और वर्तमान शुल्क वर्तमान समीक्षा के दायरे के भीतर है। पीटीएफई का मुख्यतया उपयोग इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रोनिक, मेकेनिकल और रासायनिक उद्योगों में उसकी विशिष्ट विशेषताओं के कारण किया जाता है, जैसे कि रासायनिक इनर्टनेस, इलेक्ट्रिकल और थर्मल इंसुलेशन, लो कोएफीसियेंट आफ फ्रेक्शन, नॉन-टॉक्सिक, नॉन-फ्लेमेबल, रेडिएशन रोधी, स्टेटिक का निम्न स्तर और डायमनिक फ्रेक्शन तथा व्यापक फ्रीक्वेंसी सीमा में विशिष्ट विद्युतीय गुण क्षमताएं।

6. पोलीटेट्राफ्लोरोथिलीन (पीटीएफई) को सीमा-शुल्क टैरिफ अधिनियम के अंतर्गत उप-शीर्ष संख्या 39046100 के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है। सीमा-शुल्क का ऐसी वर्गीकरण निर्देशात्मक मात्र है और यह किसी भी तरीके से इस जांच के कार्य-क्षेत्र पर बाध्यकारी नहीं है।

10. प्राधिकारी द्वारा पहले की गई सिफारिशों के आधार पर "पीटीएफई" पर लागू पाटन-रोधी शुल्क लगाया गया है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि याचिका पाटन-रोधी शुल्क की समीक्षा करने और उसको निरंतर जारी रखे जाने के लिए है तथा समान वस्तु के मुद्दे का निदान पहले से ही मूल जांच में कर दिया गया है।

11. संबद्ध वस्तुएं सीमा-शुल्क टैरिफ अधिनियम के अंतर्गत उप-शीर्ष संख्या 39046100 के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है । तथापि, सीमा-शुल्क का ऐसी वर्गीकरण निर्देशात्मक मात्र है और यह किसी भी तरीके से इस जांच के दायरे पर बाध्यकारी नहीं है ।

12. समान वस्तु के संबंध में पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(घ) में निम्नानुसार व्यवस्था है:-

"समान वस्तु" से ऐसी वस्तु अभिप्रेत है जो भारत में पाटने के कारण जांच के अंतर्गत वस्तु के सभी प्रकार से समरूप या समान है अथवा ऐसी वस्तु के न होने पर अन्य वस्तु जोकि यद्यपि सभी प्रकार से समनुरूप नहीं है परंतु जांचाधीन वस्तुओं के अत्यधिक सदृश विशेषताएं रखती हैं;

13. घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि उसके द्वारा निर्मित की जा रहीं संबद्ध वस्तुएं भारत में आयात की जा रहे विचाराधीन उत्पाद के समान हैं । घरेलू उद्योग ने यह भी दावा किया है कि याचिकादाता और संबद्ध देशों से निर्यातित उत्पाद के बीच कोई ज्ञात अंतर नहीं है । घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्मित और संबद्ध देश से आयातित विचाराधीन उत्पाद उनके भौतिक और रासायनिक लक्षणों, विनिर्माण प्रकिया और प्रोद्योगिकी, कार्यों और उपयोगों, उत्पाद विनिर्देशनों, कीमत, वितरण और विपणन तथा वस्तुओं के टैरिफ वर्गीकरण जैसी विशेषताओं के साथ एक दूसरे की तुलनीय हैं । याचिकादाता आवेदक द्वारा निर्मित संबद्ध वस्तुओं और संबद्ध देशों से आयातित वस्तुओं के बीच कोई ज्ञात अंतर नहीं है और ये दोनों वस्तुएं तकनीकी और वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापन योग्य हैं ।

14. रिकार्ड पर उपलब्ध सूचना के अनुसार प्राधिकारी का यह मानना है कि घरेलू उद्योग द्वारा निर्मित उत्पाद और संबद्ध देश से आयातित संबद्ध वस्तुएं एक समान वस्तुएं हैं। घरेलू उद्योग द्वारा निर्मित और संबद्ध देश से आयातित विचाराधीन उत्पाद, उनके भौतिक और रासायनिक लक्षणों, विनिर्माण प्रकिया और प्रोद्योगिकी, कार्यों और उपयोगों, उत्पाद विनिर्देशनों, कीमत, वितरण और विपणन तथा वस्तुओं के टैरिफ वर्गीकरण जैसी विशेषताओं के साथ एक दूसरे की तुलनीय हैं । साथ ही यह भी नोट किया जाता है कि निर्दिष्ट प्राधिकारी ने विगत जांच में विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के मुद्दे की जांच की है, जिस पर विश्वास किया जाता है । इसलिए प्राधिकारी का यह मानना है कि नियमावली के अनुसार घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्मित और संबद्ध देश से आयातित वस्तुएं समान वस्तुएं हैं । ये दोनों वस्तुएं तकनीकी और वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापन योग्य हैं । उपभोक्ता इन दोनों वस्तुओं को एक दूसरे के स्थान पर प्रयुक्त कर रहे हैं और ये पाटन-रोधी नियमावली के नियम 2 (घ) में उल्लिखित परिभाषा और कार्य-क्षेत्र के भीतर समान वस्तुएं हैं ।

घ. घरेलू उद्योग और उसका आधार

घरेलू उद्योग द्वारा किए गए निवेदन

15. घरेलू उद्योग और उसके आधार के संबंध घरेलू उद्योग द्वारा में किए गए निवेदन निम्नानुसार हैं :-

(क) यह याचिका गुजरात फ्लूरोकार्बन्स लिमिटिड द्वारा दायर की गई है । याचिकादाता भारत में संबद्ध वस्तुओं का प्रमुख उत्पादक है । उसके अतिरिक्त हिन्दुस्तान फ्लूरोकार्बन्स लिमिटिड नामक एक और कंपनी है जो कि संबद्ध वस्तुओं का उत्पादन करती है । तथापि, याचिकादाता, जीएफएल द्वारा संबद्ध वस्तुओं का उत्पादन, जांच अवधि में घरेलू उत्पादन का लगभग 98 प्रतिशत बनता है । याचिकादाता पाटन-रोधी नियमावली के नियम 2 (ख) और नियम 5 (3) में उल्लिखित अपेक्षाओं को पूरा करता है और उसका मौजूदा याचिका दायर करने का आधार है तथा इसमें भाग लेने वाली कंपनियां नियमावली की परिभाषा के भीतर "घरेलू उद्योग" बनाती हैं ।

(ख) घरेलू उद्योग ने जांच अवधि के दौरान संबद्ध वस्तुओं के आयात नहीं किए हैं । साथ ही घरेलू उद्योग (प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से) संबद्ध देश में विचाराधीन उत्पाद के किसी निर्यातक से अथवा भारत में किसी आयातक से संबंधित नहीं है ।

उत्पादकों/निर्यातकों/आयातकों/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए निवेदन

16. घरेलू उद्योग के क्षेत्राधिकार और उसके आधार के संबंध में किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने कोई निवेदन नहीं किया है ।

प्राधिकारी द्वारा जांच

17. पाटन रोधी नियमावली का नियम 2 (ख) में घरेलू उद्योग को निम्नानुसार परिभाषित किया गया है:-

"(ख) "घरेलू उद्योग" का तात्पर्य ऐसे समग्र घरेलू उत्पादकों से है जो समान वस्तु के विनिर्माण और उससे जुड़े किसी कार्यकलाप में संलग्न हैं अथवा ऐसे उत्पादकों से है जिनका उक्त वस्तु का सामूहिक उत्पादन उक्त वस्तु के कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा भाग बनता है सिवाए उस स्थिति के जब ऐसे उत्पादक आरोपित पाटित वस्तु के निर्यातकों या आयातकों से संबंधित होते हैं अथवा वे स्वयं उसके आयातक होते हैं, तो ऐसे मामले में 'घरेलू उद्योग" पद का अर्थ शेष उत्पादकों के संदर्भ में लगाया जा सकता है"।

18. प्राधिकारी नोट करते हैं कि गुजरात फ्लूरोकार्बन्स लिमिटिड ने संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं का कोई आयात नहीं किया है और न ही यह कंपनी संबद्ध वस्तुओं के किसी निर्यातक अथवा आयातक से संबंधित है।

19. प्राधिकारी नोट करते हैं कि याचिकादाता नियमावली के अतर्गत घरेलू उद्योग के आधार की आवश्यकता को पूरा करता है और वह घरेलू उद्योग बनता है, क्योंकि याचिकादाता कंपनी का उत्पादन, कुल भारतीय उत्पादन का लगभग 98 प्रतिशत है। इसलिए प्राधिकारी का यह मानना है कि गुजरात फ्लूरोकार्बन्स लिमिटिड उपरोक्त नियमावली के नियम 2 (ख) और नियम 5 में उल्लिखित परिभाषा के अनुसार घरेलू उद्योग बनती है।

ङ. गोपनीयता

20. प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों के गोपनीयता के दावों की जांच की है और गोपनीयता के दावों के संबंध में संतुष्ट होने पर उसकी अनुमति दी है।

च. विविध मुद्दे

उत्पादकों/निर्यातकों/आयातकों/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए निवेदन

21. विभिन्न मुद्दों के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए निवेदन निम्नानुसार हैं:-

(क) गुरानीफ्लोन इंडिया लिमिटिड (जीआईपीएल) जो कि गुजरात फ्लूरोकार्बन्स लिमिटिड से पीटीएफई की प्रमुख अधिप्राप्त कर्ता है, पीटीएफई को स्थानीय रूप से अधिप्राप्त करने की इच्छुक होगी बशर्ते कि इनकी कीमतें प्रतिस्पर्द्धी और उपयुक्त गुणवत्ता युक्त हों। चाहे अंतर्राष्ट्रीय अथवा घरेलू उद्योग क्यों नहीं हो, प्रत्येक व्यवसायिक निर्णय में कीमत एक प्रमुख निर्धारक होती है, विशेषकर पीटीएफई जैसी वस्तुओं के क्षेत्र में जिसकी कीमतों में इस समय गिरावट दृष्टिगत हो रही है।

(ख) घरेलू विनिर्माता एक बहु-उत्पाद कंपनी है और कुल घरेलू उत्पादन में उसका उत्पादन लगभग 98 प्रतिशत होता है। इसलिए पाटन-रोधी शुल्क लगाया जाना विनिर्माता की चिंता प्रतीत होता है और साथ ही एक उत्पाद को ही वित्तीय व्यवस्था के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है।

(ग) पाटन-रोधी शुल्क को बनाए रखे जाने से भारत में पीटीएफई के बाजार के विकास अवरूद्ध होगा। इस समय पाटन-रोधी शुल्क, रूसी रेसिन के प्रति कि.ग्रा. पर अमरीकी डालर 3.46 है। इसकी अधिप्राप्ति की लागत लगभग अमरीकी डालर 4.50 प्रति कि.ग्रा. है। इसलिए पाटन-रोधी शुल्क वास्तविक लागत का लगभग 77 प्रतिशत है और इसको उचित ठहराया जाना कठिन है।

(घ) जीआईपीएल उसके कारोबार की प्रकृति के कारण माने गए निर्यातों का कोई भी लाभ प्राप्त करने की उपयुक्त पात्र नहीं है। यह घरेलू टैरिफ क्षेत्रों में प्रचालन कार्य करती है। इसकी बिक्रियों में सीधे निर्यात और स्थानीय बिक्रियां शामिल हैं। इसने ऐसे उत्पाद को एसईजेड की कंपनी अथवा किसी ऐसी अन्य परियोजना को नहीं बेचा है जिसे निर्यात का दर्जा प्राप्त माना गया है।

(ङ) अप्रैल, 2013 और दिसंबर, 2014 के बीच जीआईपीएल ने एक सहयोगी उद्यम इंडस्ट्रियल प्लास्टिक्स एंड मशीन से पीटीएफई रेसिन की अधिप्राप्ति की थी। हेलो पोलीमर ने आर्कषक कीमतों की पेशकश की थी लेकिन उसने अग्रिम भुगतान करने की मांग की थी। इसलिए आईपीएम ने अपनी आपूर्ति और जीआईपीएल के लिए संविदा की थी। हेलो पोलीमर ने आईपीएम पर बीजक बनाया था और पीटीएफई को सीधे जीआईपीएल को भेज दिया था। जीआईपीएल आईपीएम से से ऋण अवधि से लाभान्वित हो रही थी और उसने 90/180 दिनों में उसे भुगतान कर दिया था। मार्च, 2015 से हेलो पोलीमर ने जीआईपीएल को सीधे आपूर्ति करनी शुरू कर दी थी और इस समय लदान के बिल की तारीख से 50 दिनों के भीतर भुगतान किया जा रहा है।

(च) हेलो पोलीमर का संयंत्र अपेक्षाकृत पुराना है और कुछ समय से पोलीमर के संसाधन का कार्य सुस्थिर किया गया है। गुणवत्ता की दृष्टि से उसके उत्पादों के विभिन्न बैच सुसंगत हैं। जीपीआईएल जीएफएल से पर्याप्त मात्रा में खरीदारी करती है और उसने यह पाया है कि समय-समय पर उत्पाद उत्पाद के विभिन्न बैचों की गुणवत्ता में असंगति होती है। साथ ही रासायनिक मिश्रण में 4 आर बी और इनफ्लोन 610 एक समान होते हैं लेकिन असंगति के कारण 4 आर बी रेसिन को बेहतर कोटि का माना जाता है। इसलिए में 4 आर बी और इनफ्लोन 610 के बीच कीमत समान अंतर होना चाहिए। जीआईपीएल के अधिकतर निर्यात यूरोप और संयुक्त राज्य अमरीका को किए जाते हैं, जहां उपभोक्ताओं ने 4 आरबी आधारित उत्पादों को अत्यंत संतोषजनक पाया है।

प्राधिकारी द्वारा जांच

22. प्राधिकारी नोट करते हैं कि एकल प्रतिवादी आयातक ने भी यह तर्क दिया है कि उत्पाद के आयातों की वस्तुओं में कीमत प्रतिस्पर्द्धात्मकता और गुणवत्ता विद्यमान होने के परिणाम स्वरूप आयात होते हैं तथा वस्तुओं को अधिप्राप्त करने में उनकी कीमत की मुख्य भूमिका होती है। इसलिए प्राधिकारी ने इसकी जांच कि है कि यदि पाटित कीमतों से कम कीमत पर आयात होते हैं और उससे घरेलू उद्योग को क्षति होने की संभावना रहती है, तो ऐसी स्थिति में पाटन-रोधी को निरंतर जारी रखा जा सकता है। प्राधिकारी ने तुलना के प्रयोजनार्थ विचाराधीन उत्पाद के तुलनीय ग्रेडों के बीच तुलना की है।

(छ) **सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन**

सामान्य मूल्य

घरेलू उद्योग द्वारा किए गए निवेदन

23. इस संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा किए गए निवेदन निम्नानुसार हैं :-

(क) रूस के घरेलू बाजारों में संबद्ध उत्पाद की कीमत के प्रमाण प्राप्त करने के प्रयास किए गए थे। साथ ही प्रकाशित स्रोतों से भी कीमत के प्रमाण प्राप्त करने के प्रयास भी किए गए थे। लेकिन वहां ऐसा कोई प्रकाशन नहीं है जो कि रूस में विचाराधीन उत्पाद की कीमतें प्रदान कर सकें। उत्पाद की कीमतें सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं हैं।

(ख) कीमतों संबंधी कारोबार उत्पादक और उपभोक्ताओं के बीच किया जाता है और इसलिए वे सार्वजनिक क्षेत्र में उपलब्ध नहीं है। इस प्रकार रूस के घरेलू बाजारों में पीपीएफई की वास्तविक कारोबार-बिक्री कीमत के बारे में प्रकाशित स्रोतों से कोई उचित, प्रमाणित और सही सूचना प्राप्त नहीं की जा सकी है। इसलिए सामान्य मूल्य का निर्धारण उत्पादन की लागत के अनुमान के आधार पर किया गया है, जिसके लिए बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक व्यय और लाभ का उचित समायोजन किया गया है।

निर्यातकों, आयातकों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए निवेदन

24. इस संबंध में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए निवेदन निम्नानुसार हैं :-

(क) हेलो पोलीमर ने कारखाना-गत स्तर के कीमत के ब्यौरे दिए हैं जिन पर सामान्य मूल्य का निर्धारण करने के लिए घरेलू उद्योग द्वारा विश्वास किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त घरेलू उद्योग ने आयातित वस्तुओं की सीआईएफ मूल्य पर भी विचार किया है और इसलिए भाडे और अन्य मार्जिन को बाहर कर दिया जाना चाहिए। तथापि, यह मानक प्रक्रिया है कि पहुंच कीमत का अनुमान लगाने के लिए सीआईएफ मूल्य को स्वीकार किया जाए और निर्धारण करने के प्रत्येक मामले में एफओबी मूल्य को परिकलित नहीं किया जाए।

प्राधिकारी द्वारा जांच

25. अधिनियम, की धारा 9 क (1) (ग) के अंतर्गत सामान्य मूल्य को निम्नानुसार परिभाषित किया गया है :

"*(ग) किसी वस्तु के संबंध में "सामान्य मूल्य" का तात्पर्य है:*

(1) व्यापार की सामान्य प्रक्रिया के समान वस्तु की तुलनीय कीमत जब वह उप नियम (6) के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित निर्यातक देश या क्षेत्र में खपत के लिए नियत हो, अथवा

(2) जब निर्यातिक देश या क्षेत्र के घरेलू बाजार में व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में समान वस्तु की बिक्री न हुई हो अथवा जब निर्यातिक देश या क्षेत्र की बाजार विशेष की स्थिति अथवा उसके घरेलू बाजार में कम बिक्री मात्रा के कारण ऐसी बिक्री की उचित तुलना न हो सकती हो तो सामान्य मूल्य निम्नलिखित में से कोई एक होगा:

(क) समान वस्तु की तुलनीय प्रतिनिधिक कीमत जब उसका निर्यात उप धारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार निर्यातिक देश या क्षेत्र से या किसी उचित तीसरे देश से किया गया हो; अथवा

(ख) उपधारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित प्रशासनिक, बिक्री और सामान्य लागत एवं लाभ हेतु उचित वृद्धि के साथ उदगम वाले देश में उक्त वस्तु की उत्पादन लागत :

परंतु यदि उक्त वस्तु का आयात उदगम वाले देश से भिन्न किसी देश से किया गया है और जहां उक्त वस्तु को निर्यात के देश से हो कर केवल स्थानांतरण किया गया है अथवा ऐसी वस्तु का उत्पादन निर्यात के देश में नहीं होता है, अथवा निर्यात के देश में कोई तुलनीय कीमत नहीं है, वहां सामान्य मूल्य का निर्धारण उदगम वाले देश में उसकी कीमत के संदर्भ में किया जाएगा "।

रूस में सभी उत्पादकों/निर्यातकों (जिनमें मेसर्ज ओएओ हेलो पोलीमर शामिल है) का सामान्य मूल्य

मेसर्ज ओएओ हेलो पोलीमर ने संबद्ध वस्तुओं के एक उत्पादक के रूप में प्रश्नावली के उत्तर प्रस्तुत किए हैं लेकिन उसके सहयोगी निर्यातक नामत: मेसर्ज इंडस्ट्रियल प्लास्टिक्स, यूएसए ने प्रश्नावली का कोई उत्तर प्रस्तुत नहीं किया है। उत्पादक ने जांच अवधि के दौरान भारत को निर्यातित संबद्ध वस्तुओं के ग्रेड/ग्रेडों और उनके उत्पादन की लागत के ब्यौरे प्रदान किए हैं। ऐसा सूचित किया गया है कि रूस में उक्त ग्रेडों की कोई बिक्री नहीं की गई है। इसलिए प्राधिकारी ने उपरोक्त उत्पादक द्वारा उत्पादन की लागत के दावे को घरेलू उद्योग द्वारा किए गए दावों के साथ संयोजित किया है और सामान्य मूल्य की संरचना की है। उत्पादक द्वारा प्रदान की गई उत्पादन की लागत सभी लागतों को समाहित करती है और दावा किए गए उत्पादन की लागत के 5 प्रतिशत लाभ के साथ उत्पादन की लागत को शामिल करके, संबद्ध वस्तुओं का सामान्य मूल्य ***अमरीकी डालर/मी. टन बनता है। चूंकि किसी भी उत्पादक ने कोई उत्तर प्रस्तुत नहीं किया है और साथ ही जांच अवधि के दौरान भारत को संबद्ध वस्तुओं के समग्र निर्यात एक ही उत्पादक द्वारा किए गए हैं, इसलिए यह प्रस्ताव किया जाता है कि उपरोक्त परिकलित सामान्य मूल्य को रूस से सभी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए अपनाए जाए।

रूस के सभी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत

26. निर्यातक की प्रश्नावली के उत्तरों में प्रस्तुत की गई सूचना के आधार पर प्राधिकारी नोट करते हैं कि जांच अवधि के दौरान मेसर्ज ओएओ हेलो पोलीमर ने ओएओ किरोवो-चेपस्की प्लांट में निर्मित संबद्ध वस्तुओं की ***मी.टन की कुल मात्रा के निर्यात भारत को किए थे, जिनका सकल मूल्य ***अमरीकी डालर है।

मेसर्ज जीआईपीएल ने प्रश्नावली के अपने उत्तर में यह भी सूचित किया है कि उसने मेसर्ज ओएओ हेलो पोलीमर द्वारा विनिर्मित संबद्ध वस्तुओं के 120 मी.टन आयात किए थे और बाकी आयात उसके बाद किए गए उसके निर्यात जांच अवधि से बाहर हैं। तथापि, जब बाकी आयातों के क्लीयरेंस की तारीख को डीजीसीआईएंडएस के आंकडों के साथ मिलाया गया तो ऐसा पता चला है कि वे जांच अवधि के भीतर किए गए हैं। इसलिए प्राधिकारी ने विशेष कर डीजीसीआईएंडएस के आंकडों के साथ मिलान किया है और नोट किया है कि डीजीसीआईएंडएस के आंकडों के अनुसार किए गए कुल आयात उत्पादक के आंकडों से मिलते हैं और इसलिए डीजीसीआईएंडएस के आंकडों को माना गया जिसके साथ घरेलू उद्योग द्वारा दावा किए गए समायोजन के साथ-साथ उसकी तुलना, कारखाना-गत निर्यात कीमत का मूल्यांकन करने के लिए उत्पादक द्वारा प्रदत्त आंकडों के साथ भी किया गया।

27. प्राधिकारी ने उपरोक्त अनुसार जांच अवधि के दौरान डीजीसीआईएंडएस के आयातों संबंधी आंकडों के अनुसार रूस में निर्मित संबद्ध वस्तुओं के सभी उत्पादकों/निर्यातकों के संबंध में कारखाना-गत निर्यात कीमत का निर्धारण किया है। डीजीसीआईएंडएस के आंकडों के अनुसार विचारित मात्रा और सीआईएफ कीमत 171.6 मी.टन और ***अमरीकी डालर/मी.टन है। समुद्री भाडे, सीआईएफ के 0.5% की दर से समुद्री बीमे, एफओबी के के 1 % की दर से अंतरदेशीय भाडे, एफओबी के 2 % की दर से कमीशन, एफओबी के 0.5 % की दर से पत्तन व्यय और एफओबी के 2 % की दर से बैंक प्रभार का समायोजन कियाग या है जो कि क्रमश: ***अमरीकी डालर/मी.टन, ***अमरीकी डालर/मी.टन, ***अमरीकी

डालर/मी.टन,***अमरीकी डालर/मी.टन, ***अमरीकी डालर/मी.टन और ***अमरीकी डालर/मी.टन है। तदनुसार उचित समायोजन करने के बाद रूस में विनिर्मित संबद्ध वस्तुओं के सभी निर्यातों के संबंध में कारखाना-गत स्तर पर भारित औसत निबल निर्यात कीमत कीमत ***अमरीकी डालर प्रति मी. टन है।

पाटन मार्जिन

28. उपरोक्त अनुसार सामान्य मूल्य और निर्यात कीमतों को ध्यान में रखते हुए पाटन मार्जिन निम्नानुसार है :-

विवरण	**यूनिट**	**रूस में सभीउत्पादक/ निर्यातक**
सामान्य मूल्य	अमरीकी डालर प्रति मी.टन	***
निर्यात कीमत	अमरीकी डालर प्रति मी.टन	***
पाटन मार्जिन	अमरीकी डालर प्रति मी.टन	***
पाटन मार्जिन	%	***
पाटन मार्जिन	% सीमा	100-150

<u>क्षति, कारणात्मक संबंध और क्षति के निरंतर बने रहने की संभावना का आकलन</u>

ज. <u>क्षति का निर्धारण करने की कार्य प्रणाली तथा क्षति और कारणात्मक संबंध की जांच</u>

<u>घरेलू उद्योग द्वारा किए गए निवेदन</u>

29. इस संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा किए गए निवेदन निम्नानुसार हैं :-

(क) भारत में उत्पाद की मांग अथवा प्रत्यक्ष खपत को घरेलू बिक्रियों और सभी स्रोतों से आयातों के सकल योग के रूप में परिभाषित किया गया है। प्रत्यक्ष खपत का पता लगाने के लिए भारतीय उत्पादक द्वारा किए गए निर्यातों को ऐसे परिकलन से बाहर रखा गया है। इस प्रकार से आकलित की गई मांग से पता चलता है कि क्षति अवधि के दौरान विचाराधीन उत्पाद की मांग में समग्र क्षति अवधि में वृद्धि हुई है।

(ख) समग्र क्षति अवधि में रूस के आयातों की मात्रा में अत्यधिक वृद्धि हुई है।

(ग) संबद्ध देश से विचाराधीन उत्पाद के आयातों में हाल ही में पूर्णरूपेण वृद्धि हुई है।

(घ) क्षति अवधि में संबद्ध वस्तुओं की मांग//प्रत्यक्ष खपत में अत्यधिक वृद्धि हुई है।

(ङ) पाटन-रोधी शुल्क लागू होने के बावजूद भी आयातों में वृद्धि हुई है। इन परिस्थितियों में और सकारात्मक कीमत अंतर को ध्यान में रखते हुए पाटन-रोधी शुल्क को समाप्त कर दिए जाने से आयातों स्पष्टतया अत्यधिक वृद्धि होगी।

(च) क्षति अवधि में विचाराधीन उत्पाद के आयातों में अत्यधिक वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त पूर्णरूपेण आयात अत्यधिक प्रतीत होते हैं।

(छ) पाटन की संभावना से संबद्ध कारक क्षति होने की संभावना के साथ-साथ वर्तमान मामले के प्रासंगिक हैं और उन पर विश्वास किया जाता है।

(ज) पाटन-रोधी शुल्क लागू होने के बावजूद भी पाटित कीमतों पर घरेलू बाजार में आयात किए गए हैं।

(झ) संबद्ध देश के उत्पादकों के पास अत्यधिक क्षमता विद्यमान है जिससे यह स्थापित होता है कि शुल्कों को समाप्त कर दिए जाने पर भी भारत को निर्यातों में सघन वृद्धि होगी।

(ञ) संबद्ध देश से निर्यातक पाटित कीमतों पर विचाराधीन उत्पाद के निर्यात तृतीय देशों को कर रहे हैं।

(ट) रूस से तृतीय देशों को निर्यातों के मामले में पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन सकारात्मक है।

(ठ) वर्तमान जांच अवधि में पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन दोनों सकारात्मक और अत्यधिक है।

(ड) प्रचलित पाटन-रोधी शुल्कों के बिना कीमतों में कटौती सकारात्मक है।

(ढ) आयात की कीमतें वास्तविक रूप से घरेलू उद्योग की बिक्री कीमतों से कम हैं। इसलिए उपभोक्ता पाटन-रोधी शुल्क को समाप्त कर दिए जाने की स्थिति में आयातित उत्पादों की ओर उन्मुख होंगे जिसके फलस्वरूप उत्पाद के आयातों में अत्यधिक वृद्धि होगी।

(ण) घरेलू उद्योग पहले ही पाटित आयात कीमतों के कारण कीमत में ह्रास होने नुकसान उठा रहा है। पाटन-रोधी शुल्क को समाप्त कर दिए जाने की स्थिति में घरेलू उद्योग को पाटित कीमतों से प्रतिस्पर्द्धा करने के लिए बिक्रियों की लागत से भी कम अपनी बिक्री कीमतों में और कटौती करनी होगी जिसके फलस्वरूप उसे घोर कीमत क्षति होगी।

(त) पीटीएफई से संबंधित विभिन्न जांच में पाटन-रोधी शुल्क निम्नानुसार था :-

(1) प्रथम/मूल जांच में – 5.20 रूपए प्रति कि.ग्रा.

(2) प्रथम निर्णायक समीक्षा जांच में – 12.66 अमरीकी डालर प्रति कि.ग्रा. मानक के रूप में।

(3) द्वितीय निर्णायक समीक्षा जांच में – 3.42 अमरीकी डालर प्रति कि.ग्रा.

(थ) प्रथम मूल जांच के मामले में पाटन-रोधी शुल्क बहुत कम था। इसके फलस्वरूप घरेलू उद्योग को वस्तुत: कोई संरक्षण प्राप्त नहीं हुआ था। इसके अतिरिक्त प्रथम निर्णायक समीक्षा जांच में शुल्क मानक के आधार पर लगाया गया था और इसलिए यह शुल्क की समस्त अवधि के लिए व्यर्थ ही रहा। इस प्रकार 15 वर्ष की अवधि में से 10 वर्ष की अवधि व्यर्थ थी और केवल 5 वर्ष के लिए ही घरेलू उद्योग का संरक्षण किया गया है। इसके अतिरिक्त वर्तमान मामले से संबंधित तथ्यों से स्पष्ट पता चलता है कि पाटन-रोधी शुल्क को समाप्त कर दिए जाने की स्थिति में ऐसी संभावना है कि पाटन निरंतर बना रहेगा अथवा उसकी पुनरावृति होगी और घरेलू उद्योग को क्षति होगी।

(द) इसके अतिरिक्त ऐसे अनेक मामले हैं जिनमें संयुक्त राज्य अमरीका ने पाटन-रोधी शुल्क लगाया है और जिनमें चतुर्थ निर्णायक समीक्षा जांच की गई है और संयुक्त राज्य अमरीका में काफी लंबे समय से पाटन-रोधी शुल्क लगा हुआ है।

(ध) क्षमता का विस्तार घरेलू बाजार तक सीमित नहीं है। घरेलू उद्योग ने जांच अवधि के दौरान अत्यधिक निर्यात किए हैं। किसी भी स्थिति में घरेलू उद्योग ने केवल देश में किए जा रहे आयातों से ही चिंतित नहीं है, बल्कि ऐसी कीमत से भी चिंतित है जिन कीमतों पर देश में ऐसे आयात किए जा रहे हैं। आयात कीमत में अत्यधिक गिरावट आई है।

(न) रूस के निर्यातकों के निर्यात भारतीय मांग का 5% भाग बनते हैं जिसे निर्णायक समीक्षा जांच के चरण में नगण्य नहीं माना जा सकता है। वास्तव में मूल जांच में भी इनकी मात्रा अत्यधिक थी। निर्णायक समीक्षा जांच के चरण में ऐसी सुस्पष्ट कानूनी स्थिति है कि निर्यात की मात्रा ही नहीं बल्कि आयात की कीमत भी संभावित विश्लेषण करने के लिए प्रासंगिक होती है।

(प) घरेलू उद्योग ने अपनी क्षति का घरेलू और निर्यातों में पृथकीकरण किया है। क्षति का दावा निष्पादन के संबंध में किया गया है।

निर्यातकों, आयातकों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए निवेदन

30. इस संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए निवेदन निम्नानुसार हैं :-

(क) वर्तमान जांच की जांच मुख्यतया वर्ष 1999 में शुरू की गई थी। तब से अब तक चार निर्णायक समीक्षा जांच की जा चुकी हैं और संबद्ध वस्तुओं पर पाटन-रोधी शुल्क निरंतर लगा हुआ है। लेकिन घरेलू उद्योग अब तक अपना पुनरूद्धार नहीं कर पाया है, जबकि संबद्ध देश से आयातों में गिरावट आई है, जो कि वर्ष 1999 में 334 मी.टन से घटकर वर्ष 2015 में 172 मी. टन रह गए हैं। इससे ऐसा पता चलता है कि रूस के निर्यातकों का भारत में कोई रूचि नहीं है और इसलिए दुबारा पाटन-रोधी शुल्क लगाए जाने का कोई औचित्य नहीं है।

(ख) तकनीकी उत्पादन साहित्य के अनुसार संबद्ध वस्तुओं का ग्रेड आरबी 4 अंतिम/तैयार सामान्य प्रयोजनार्थ मिश्रण है। घरेलू उद्योग द्वारा निर्मित इसका समान समकक्ष ग्रेड 610 है। इन दोनों ग्रेडों का उपयोग मेसर्ज गुआरनीफ्लोन इंडिया प्राईवेट लिमिटिड द्वारा किया जाता है, जो कि सदृश मध्यवर्ती उत्पादों का विनिर्माण करती है और जांच अवधि में संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं की एक मात्र आयातक है । क्षति मार्जिन का मूल्यांकन करने के प्रयोजनार्थ प्राधिकारी का आयातित ग्रेड के पहुंच मूल्य की तुलना घरेलू उद्योग के समकक्ष ग्रेड की एनआईपी के साथ किया।

(ग) घरेलू उद्योग ने वर्ष 2008-09 में 8000 मी.टन की क्षमता से अपना वाणिज्यिक प्रचालन शुरू किया था। उसके बाद उसने अपनी क्षमता को बढा कर 12,000 मी.टन और बाद में 16,000 मी.टन तक कर दिया। क्षमता में ऐसी वृद्धि करने की आवश्यकता नहीं थी क्योंकि भारत में मांग केवल 3000 – 3500 मी. टन की थी। अपनी क्षमता का पूरा उपयोग करने के लिए घरेलू उद्योग को समस्त घरेलू बिक्रियों को पूरा करने पर लगभग 13,000 मी.टन के निर्यात करने चाहिए जो कि इसलिए संभव नहीं है क्योंकि विश्व की मांग में मंदी है। आयातों के सभी स्रोतों पर भारी पाटन-रोधी शुल्क लागू होने के बावजूद घरेलू उद्योग को अपनी अतिरेक क्षमताओं के कारण निरंतर क्षति हो रही है। जहां तक कि वर्ष 2014-15 में घरेलू उद्योग ने अपना उत्पादन बढा कर लगभग 37% कर दिया है।

(घ) ओएओ हेलो पोलीमर ने जांच अवधि के दौरान विचाराधीन उत्पाद का निर्यात 172 मी.टन किया है (जो कि घरेलू मांग का 4.5% है), जो कि घरेलू उद्योग के उत्पादन का ***% है। इसके अतिरिक्त ऐसे निर्यात बहुत अधिक कीमत पर किए गए थे।

(ङ) जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के निर्यात निष्पादन में तेजी से गिरावट आई है और यही उसकी क्षति का मुख्य कारण है।

(च) जीआईपीएल का यह निवेदन है कि यथानुपात वृद्धि/कमी पर विचार किया जाना चाहिए और न कि पूर्णरूपेण आयातों में परिवर्तन होने पर। घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत किए गए आंकडों पर विश्वास करने पर यह देखा जा सकता है कि -

(1) आयात नगण्य हुए हैं।

(2) यथानुपात परिकलन से स्पष्ट वृद्धि व क्रेता का पता नहीं चलता है और

(3) क्षति अवधि में मांग में वृद्धि आरोपित आयातों से संबद्ध नहीं है।

(छ) रूस से वर्ष-दर-वर्ष आयात, कुल आयातों का नगण्य भाग बनते हैं। घरेलू उद्योग की वर्ष-दर-वर्ष संवृद्धि मात्रात्मक प्राचलों पर सकारात्मक रही है लेकिन क्षमता उपयोग में असमानता होने के कारण कीमत पर नकारात्मक रही है। जीआईपीएल के रूस से आयात केवल संसाधन करने के बाद निर्यात के प्रयोजनार्थ किए जाते हैं और इसलिए ये स्थानीय बाजार में कीमत को प्रभावित नहीं कर सकते हैं।

(ज) ऐसा लगता है कि कीमत के प्रभाव, घरेलू उद्योग द्वारा अतिरिक्त क्षमता का सृजन करने के फलस्वरूप हुए हैं, जबकि उसका अनुकूलतम उपयोग नहीं हो रहा है और इसके परिणामस्वरूप उत्पादन की प्रति यूनिट लागत में वृद्धि हुई है। माल सूचियों के इकठ्ठा होने का यह कारण भी हो सकता है।

(झ) पाटित आयातों और घरेलू उद्योग की क्षति के बीच कोई कारणात्मक संबंध नहीं है।

31. **भारत गणराज्य में रूसी परिसंघ के व्यापारिक प्रतिनिधियों द्वारा किए गए निवेदन**

- **पाटन नहीं हो रहा है -**

o पाटन के पर्याप्त और विश्वसनीय प्रमाण नहीं होने के कारण समीक्षा जांच की शुरूआत करना विशेष रूप से पाटन-रोधी करार के अनुच्छेद 5.2 और 5.3 का उल्लंघन करने जैसा है।

o जब कि वर्ष 2011 से जांच अवधि तक मांग में 30 सूचक बिन्दुओं की वृद्धि हुई है, आयातों की समग्र मात्रा वर्ष 2001 के स्तर पर स्थिर बनी हुई है।

o वर्ष 2013-14 की अवधि के दौरान रूस से उत्पाद के आयात की मात्रा, मूल जांच की अवधि की तुलना में अत्यधिक कम (30-37%) थी।

o पाटन के पर्याप्त प्रमाण नहीं होने के कारण पाटन-रोधी करार के अनुच्छेद 5.8 के अनुसार समीक्षा को बंद कर दिया जाना चाहिए।

- **क्षति नहीं हो रही है -**

o याचिकादाता की भारत में बिक्रियों में 80 सूचक बिन्दु तक वृद्धि हुई है और साथ ही भारतीय उत्पादकों की ऐसी वृद्धि 20 सूचक बिन्दु तक हुई है, जबकि आयातों की मात्रा उसी स्तर पर बनी हुई है।

o भारतीय उद्योग के आर्थिक संकेतक उद्योग की सकारात्मक वृद्धि को प्रतिबिंबित करते हैं।

o इसके अतिरिक्त विगत वर्षों में याचिकादाता ने कुछ खरीदारियां, अधिप्राप्तियां और निवेश किए हैं जिससे उसके सकारात्मक विकास की संपुष्टि होती है।

o उपरोक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए उत्पाद के संबंध में पर्याप्त प्रमाण नहीं होने के कारण पाटन-रोधी करार के अनुच्छेद 5.8 के अनुसार समीक्षा को समाप्त कर दिया जाना चाहिए।

- **रूस से पीटीएफई के आयातों और घरेलू उद्योग को होने वाली संभावित क्षति के बीच कोई कारणात्मक संबंध नहीं है -**

o गुजरात फ्लूरोकेमिकल्स लिमिटिड की संभावित क्षति को रूस से पीटीएफई के आयातों के साथ नहीं जोडना चाहिए। याचिकादाता की वर्ष 2013-14 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार पीटीएफई के संघटक के लिए मुख्य खतरों में चीन में क्षमता में और विस्तार किया जाना और पीटीएफई की कीमतों पर ऐसे विस्तार के प्रभाव शामिल हैं। वास्तव में चीन व्यापक स्तर पर पीटीएफई के विश्व बाजार को प्रभावित करता है जिसके फलस्वरूप उसकी कीमतों में कमी होती है।

o रूस के उत्पादकों का इरादा भारतीय बाजार में कीमतों को कम करने का नहीं है। वे पाटन से निर्यात नहीं करते हैं।

o पाटन-रोधी करार के अनुच्छेद 5.8 की अपेक्षाओं के आधार पर हमारा यह अनुरोध है कि रूस से पाटित आयातों, रूस से आयातों और याचिकादाता की क्षति और आरोपित क्षति के बीच कोई कारणात्मक संबंध के प्रमाण नहीं होने के कारण समीक्षा को समाप्त कर दिया जाए ।

प्राधिकारी द्वारा जांच

32. क्षति विश्लेषण में प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए विभिन्न निवेदनों का निदान कर दिया है। हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए और प्राधिकारी द्वारा प्रासंगिक पाए गए विशेष निवेदन निम्नानुसार हैं :-

(क) हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए इस आशय के निवेदन के संबंध में कि पाटन-रोधी शुल्क काफी लंबे समय से लगे हुए हैं, प्राधिकारी नोट करते हैं कि नियमावली में ऐसा अपेक्षित है कि प्राधिकारी को तब तक पाटन-रोधी शुल्क लागू करते रहने की सिफारिशों पर विचार करना चाहिए जब तक जांच से ऐसी संपुष्टि होती है कि पाटन-रोधी शुल्क को समाप्त करने की स्थिति में पाटन और घरेलू उद्योग को उसकी परिणामी क्षति होने की संभावना है। पाटन-रोधी शुल्क को पांच वर्ष की समाप्ति से पहले भी हटाया जा सकता है, यदि यह स्थापित हो जाता है कि पाटन और घरेलू उद्योग को उसकी परिणामी क्षति होने की संभावना नहीं है। इसके अतिरिक्त प्राधिकारी ने यह जांच की है कि क्या केवल पाटन के कारण अथवा पाटन से भिन्न कारकों से क्षति के निरंतर बने रहने की संभावना है।

(ख) घरेलू उद्योग की क्षमता का विस्तार करने के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए निवेदन के संबंध में प्राधिकारी नोट करते हैं कि यह केवल घरेलू बाजार तक सीमित नहीं है और घरेलू उद्योग ने विचाराधीन उत्पाद के अत्यधिक निर्यात किए हैं। प्राधिकारी का संबद्ध पाटन-रोधी नियमावली को ध्यान में रखते हुए एनआईपी का निर्धारण किया कि ताकि इस प्रकार के मुद्दे का निदान किया जा सके। इसके अतिरिक्त प्राधिकारी नोट करते हैं कि वह ऐसी कीमत के प्रति चिंतित हैं जिस पर देश में पाटित आयात हो रहे हैं।

(ग) भारतीय बाजार में रूस के निर्यातकों द्वारा निर्यात की नगण्य मात्रा होने के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए निवेदन के संबंध में प्राधिकारी नोट करते हैं कि रूस के निर्यातकों के निर्यात भारतीय मांग का 4.5% भाग बनते हैं जो कि निर्णायक समीक्षा जांच के चरण में अत्यधिक हैं तथा संभावित विश्लेषण के लिए पाटित आयातों की कीमत और उसके संभावित रूप से बने रहना प्रासंगिक है। वास्तव में मूल जांच में भी इनकी मात्रा पर्याप्त है । निर्णायक समीक्षा जांच के चरण में संभावित विश्लेषण करने के लिए निर्यात की मात्रा की अपेक्षा आयात की कीमत अधिक प्रासंगिक है।

(घ) जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के निर्यात निष्पादन में गिरावट आने के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए निवेदन के संबंध में प्राधिकारी का निर्यात और घरेलू उद्योग के निर्यात निष्पादन के लिए पृथक क्षति विश्लेषण किया। इसके अतिरिक्त पाटित आयातों और उससे होने वाली क्षति/निरंतर क्षति के बीच सुदृढ संबंध होने के लिए वस्तु दर वस्तु का विश्लेषण सुनिश्चित करने के प्रयोजन से प्राधिकारी का एक ग्रेड से दूसरे ग्रेड की तुलना की।

33. इस संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा किए गए विभिन्न निवेदनों पर विचार करते हुए प्राधिकारी ने संबद्ध देश से पाटन और आयातों के कारण क्षति होने के संभावित मुद्दों की जांच कार्रवाई करने से पूर्व घरेलू उद्योग की वर्तमान क्षति, यदि कोई है, की जांच की है।

34. विश्व व्यापार संगठन के अनुच्छेद 3.1 और पाटन रोधी नियमावली के अनुबंध-2 में (क) पाटित आयातों की मात्रा और घरेलू बाजार में समान वस्तुओं की कीमत पर पाटित आयातों के प्रभाव, और (ख) ऐसी वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव, दोनों की तथ्यपरक जांच करने का प्रावधान निहित है। जहां तक पाटित आयातों के मात्रात्मक प्रभाव का संबंध है, प्राधिकारी के लिए यह जांच करना अपेक्षित है कि क्या पाटित आयातों में समग्र रूप में या भारत में उत्पादन या खपत की तुलना में पर्याप्त वृद्धि हुई है। जहां तक कि पाटित के कीमत प्रभाव का संबंध है, प्राधिकारी के लिए यह जांच करना अपेक्षित है कि क्या पाटित आयातों द्वारा भारत में समान उत्पाद की कीमत की तुलना में कीमत में पर्याप्त कटौती हुई है अथवा क्या ऐसे उत्पादों के प्रभाव से कीमत में काफी अधिक मात्रा में अन्यथा गिरावट आई है अथवा होने वाली इस वृद्धि में रुकावट आई है जो अन्यथा काफी अधिक स्तर तक बढ़ गई होती।

35. जहां तक घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव का संबंध है, पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध- II के पैरा (4) में निम्नानुसार उल्लेख है : -

"संबंधित घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच में बिक्री, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्से, उत्पादकता, निवेश पर आय या क्षमता उपयोग में स्वाभाविक और संभावित गिरावट सहित उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले सभी संगत आर्थिक कारकों और संकेतकों, घरेलू कीमतों, पाटन मार्जिन की मात्रा, नकद प्रवाह पर वास्तविक और संभावित नकारात्मक प्रभाव, मालसूची, रोजगार, मजदूरी, वृद्धि पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता को प्रभावित करने वाले कारकों का मूल्यांकन शामिल होगा।"

36. भारत में घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच करने के लिए उसके सूचकों में शामिल उद्योग की स्थिति के पहलुओं, जैसे कि उत्पादन, क्षमता उपयोग, बिक्रियां, मात्रा, भंडार, लाभप्रदता, निबल बिक्री वसूली, पाटन की मात्रा और मार्जिन आदि पर उपरोक्त नियमावली के अनुबंध-2 के अनुसार विचार किया गया है।

37. सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम की धारा 5 (क) (5) के अनुसार यदि पाटन-रोधी शुल्क पहले समाप्त नहीं कर दिया जाता है, तो उसको लागू करने की तारीख से पांच वर्ष की समाप्ति तक उसका प्रभाव बना रहेगा बशर्ते कि केन्द्रीय सरकार का उसकी समीक्षा करने पर ऐसा विचार बनता है कि ऐसे शुल्क को समाप्त कर दिए जाने के फलस्वरूप पाटन और क्षति के निरंतर रहने अथवा उनकी आवृति होने की संभावना है, वह समय-समय पर ऐसे शुल्क के लागू रहने की अवधि को आगे पांच वर्ष तक बढा सकती है और ऐसी बढी हुई अवधि, ऐसी अवधि बढाने के आदेश के जारी होने की तारीख से शुरू होगी।

38. वर्तमान जांच लागू पाटन-रोधी शुल्कों की निर्णायक समीक्षा है। नियम 23 में ऐसा प्रावधान है कि नियम 11 के प्रावधान यथावश्यक परिवर्तन सहित समीक्षा के मामले पर भी लागू होंगे। इसलिए प्राधिकारी ने यथावश्यक परिवर्तन सहित अनुबंध-2 के साथ पठित नियम 11 के प्रावधान को ध्यान में रखते हुए घरेलू उद्योग की क्षति का निर्धारण किया है। इसलिए प्राधिकारी का इसकी और जांच की है कि क्या मौजूदा पाटन-रोधी शुल्क संबंधी उपाय, क्षति पहुंचाने वाले पाटन को रोकने के लिए पर्याप्त हैं या नहीं।

39. वर्तमान क्षति का विश्लेषण करने के प्रयोजनार्थ प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग पर संबद्ध वस्तुओं के पाटित आयातों की मात्रा और कीमत प्रभाव तथा कीमतों और लाभप्रदता पर उसके प्रभाव की जांच की है ताकि क्षति के विद्यमान होने तथा पाटन और क्षति के बीच यदि कोई कारणात्मक संबंध है, तो उसकी जांच की। प्राधिकारी ने गुजरात फ्लूरोकेमिकल्स

लिमिटिड से संबंधित सूचना को ध्यान में रखते हुए घरेलू उद्योग की क्षति की जांच की है । तदनुसार पाटित आयातों की मात्रा और कीमत प्रभाव की जांच की गई है जो कि निम्नानुसार है :-

पाटन प्रभावित मात्रा

आयात की मात्रा और बाजार में आयातों का हिस्सा

(क) मांग/प्रत्यक्ष खपत का मूल्यांकन

40. प्राधिकारी की यह धारणा है कि वर्तमान जांच के लिए भारत में उत्पाद की मांग अथवा प्रत्यक्ष खपत को घरेलू बिक्रियों और समस्त स्रोतों से आयातों के सकल योग के रूप में परिभाषित किया गया है । भारतीय उत्पादक द्वारा किए गए निर्यातों को ऐसे परिकलन से बाहर रखा ताकि प्रत्यक्ष खपत का सही पता लगे । इस प्रकार से निर्धारित की गई मांग नीचे तालिका में दी गई है :-

विवरण	यूनिट	2011-12	2012-13	2013-14	जांच अवधि
मांग					
घरेलू उद्योग की बिक्री	मी.टन	***	***	***	***
अन्य भारतीय उत्पादकों की बिक्री	मी.टन	***	***	***	***
संबद्ध देश –रूस से आयात	मी.टन	8	7	104	171
अन्य देश - चीन जनवादी गणराज्य से आयात जिन पर पाटन-रोधी शुल्क लग रहा है	मी.टन	891	897	1,171	1,136
अन्य देशों से आयात	मी.टन	964	1,080	976	764
कुल मांग	मी.टन	3,269	3,852	4,286	4,510

41. प्राधिकारी नोट करते हैं कि इस प्रकार से निर्धारित की गई उपरोक्त मांग से ऐसा पता चलता है कि क्षति अवधि के दौरान विचाराधीन उत्पाद की मांग समस्त क्षति अवधि में बढी है और घरेलू उद्योग की क्षति होने के कारण के रूप में मांग में गिरावट, क्षति का एक कारक नहीं हो सकती है ।

(ख) आयात की मात्रा और बाजार का हिस्सा

42. पाटित आयातों की मात्रा के संबंध में प्राधिकारी को इस पर विचार करने की आवश्यकता होती है कि क्या पाटित आयातों में अत्यधिक वृद्धि पूर्णरूपेण अथवा भारत में उत्पादन या खपत के प्रसंग में हुई है । इस संबंध में पाटन-रोधी नियमावली के अनुबंध-2 में उल्लिखित प्रावधान निम्नानुसार है :-

''पाटित आयातों की मात्रा की जांच करते समय प्राधिकारी इस बात पर विचार करेंगे कि क्या पाटित आयातों में अत्यधिक वृद्धि पूर्णरूपेण अथवा भारत में उत्पादन या खपत के प्रसंग में हुई है'' ।

43. डीजीसीआईएंडएस द्वारा प्रदत्त कारोबार-वार आंकडों को ध्यान में रखते हुए क्षति अवधि के लिए आयात की मात्रा निम्नानुसार है :-

विवरण	यूनिट	2011-12	2012-13	2013-14	जांच अवधि
मांग में बाजार का हिस्सा					
घरेलू उद्योग की बिक्री	%	***	***	***	***
अन्य भारतीय उत्पादकों की बिक्री	%	***	***	***	***
संबद्ध देश – रूस से आयात	%	0.24	0.18	2.43	3.79
अन्य देश - चीन जनवादी गणराज्य से आयात जिन पर पाटन-रोधी शुल्क लग रहा है।	%	27.26	23.29	27.32	25.19
अन्य देशों से आयात	%	29.49	28.04	22.77	16.94

उपरोक्त सूचना से प्राधिकारी का यह मानना है कि समग्र वर्तमान क्षति अवधि के दौरान रूस से आयात की मात्रा सुस्पष्ट रही है। इसके अतिरिक्त यह भी नोट किया जाता है कि संबद्ध देश से विचाराधीन उत्पाद के आयातों में हाल ही की अवधि में पूर्णरूपेण वृद्धि हुई है। क्षति अवधि में संबद्ध वस्तुओं की मांग/प्रत्यक्ष खपत बढी है। यह नोट किया जाता है कि आयात अग्रिम लाईसेंस मार्ग से हुए हैं। हालांकि आयात अग्रिम लाईसेंस मार्ग से हुए हैं, फिर भी प्राधिकारी इसे घरेलू उद्योग की संभावित बिक्रियों का एक ऐसे अवसर को गंवाना मानते हैं, जो कि आयातक को संबद्ध वस्तुओं के समकक्ष ग्रेड की बिक्री कर सकता था।

(घ) मांग में बाजार का हिस्सा

44. प्राधिकारी यह मानती है कि क्षति अवधि में घरेलू उद्योग के बाजार के हिस्से में जो कि वर्ष 2011-12 में 38.61 % था, वर्ष 2011-12 में जांच अवधि में बढ कर 50 % तक हो गया है। रूस के आयातों के बाजार के हिस्से में भी वृद्धि हुई है जो कि वर्ष 2011-12 में 0.24 % से बढ कर वर्ष 2011-12 में जांच अवधि में 3.79 % हो गया है।

विवरण	यूनिट	2011-12	2012-13	2013-14	जांच अवधि
मांग में बाजार का हिस्सा					
घरेलू उद्योग की बिक्री	%	***	***	***	***
अन्य भारतीय उत्पादकों की बिक्री	%	***	***	***	***
संबद्ध देश – रूस से आयात	%	0.24	0.18	2.43	3.79
अन्य देश - चीन जनवादी गणराज्य से आयात जिन पर पाटन-रोधी शुल्क लग रहा है।	%	27.26	23.29	27.32	25.19
अन्य देशों से आयात	%	29.49	28.04	22.77	16.94

1. कीमत प्रभाव

(क) <u>पाटित आयातों के कीमत प्रभाव और घरेलू उद्योग पर प्रभाव</u>

45. संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं के आयातों के कारण घरेलू उद्योग की कीमतों पर प्रभाव की जांच, कीमत में कटौती होने, कम कीमत पर बिक्री होने, कीमत ह्रास और कीमत कीमत न्यूनीकरण के प्रसंग में की गई है । इस विश्लेषण के प्रयोजनार्थ बिक्रियों की लागत, निबल बिक्री वसूली (एनएसआर) और घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्मित संबद्ध वस्तुओं की क्षति रहित कीमत (एनआईपी) की तुलना, समकक्ष ग्रेड के लिए संबद्ध देश से आयातों के पहुंच मूल्य से की गई है, ताकि वस्तु-दर-वस्तु की तुलना सुनिश्चित की जा सके । जांच अवधि के दौरान संबद्ध वस्तुओं की तुलना पाटित आयातों के पहुंच मूल्य और घरेलू बाजार में घरेलू बिक्री कीमत के साथ की गई है । घरेलू उद्योग की निबल बिक्री वसूली का निर्धारण करने के लिए घरेलू उद्योग द्वारा करों, छूटों, कटौतियों और कमीशन पर किए गए व्यय को समायोजित किया गया है । क्षति का निर्धारण करने के लिए कम कीमत पर बिक्री होना एक महत्वपूर्ण सूचक है । इस प्रकार प्राधिकारी ने क्षति रहित कीमत तय की है और उसकी तुलना पहुंच मूल्य के साथ की है, ताकि कम कीमत पर बिक्री होने की सीमा का पता लगाया जा सके । पाटन-रोधी नियमावली के अनुबंध-3 में उल्लिखित प्रावधान के अनुसार घरेलू उद्योग के लिए क्षति रहित कीमत पर विचार किया गया है, जो कि अनुबंध 5-क के अनुसार घरेलू उद्योग को गोपनीय आधार पर प्रदान की है ।

<u>कीमत में कटौती</u>

46. कीमत में कटौती होने का निर्धारण, आयात कीमत की तुलना, जांच अवधि के दौरान संबद्ध वस्तुओं की भारत में घरेलू बिक्री कीमत के साथ की गई है । यह देखा जा सकता है कि आयातों की पहुंच कीमत, घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से कम है । प्राधिकारी ने कीमत में कटौती होने का विश्लेषण किया है, जो कि निम्नानुसार है :-

विवरण	यूनिट	201112-	201213-	201314-	जांच अवधि
पाटन-रोधी शुल्क रहित पहुंच मूल्य	रु./कि.ग्रा.	1,154.72	657.56	406.63	419.33
निबल बिक्री कीमत (डब्ल्यूए)	रु./कि.ग्रा.	***	***	***	***
निबल बिक्री कीमत (सीजी)	***	***	***	***	***
पाटन-रोधी शुल्क रहित कीमत में कटौती (डब्ल्यूए)	रु./कि.ग्रा.	***	***	***	***
पाटन-रोधी शुल्क रहित कीमत में कटौती (सीजी)	रु./कि.ग्रा.	***	***	***	***
पाटन-रोधी शुल्क रहित कीमत में कटौती (डब्ल्यूए)	%	***	***	***	***
पाटन-रोधी शुल्क रहित कीमत में कटौती (डब्ल्यूए)	% सीमा	नकारात्मक	0.10	23.35	20.30
पाटन-रोधी शुल्क रहित कीमत में कटौती (सीजी)	%	***	***	***	***
पाटन-रोधी शुल्क रहित कीमत में कटौती (सीजी)	% सीमा	नकारात्मक	नकारात्मक	10.20	10.20

डब्ल्यूए – भारित औसत *सीजी – तुलनीय वस्तुएं*

47. प्राधिकारी नोट करते हैं कि जांच अवधि के दौरान और वर्ष 2013-14 में घरेलू उद्योग द्वारा प्रदत्त संबद्ध देश से आयातों की पहुंच कीमत (मूल सीमा शुल्क को शामिल करने के बाद), संबद्ध वस्तुओं की भारित औसत कीमत और तुलनीय ग्रेड की बिक्री कीमत की तुलना में कम है । इसके फलस्वरूप कीमत में कटौती हुई है ।

कीमत ह्रास और कीमत न्यूनीकरण

48. पाटित आयातों के कीमत ह्रास और कीमत न्यूनीकरण के प्रभाव की जांच भी बिक्रियों की लागत के प्रसंग में की गई है, जिसके लिए उसकी तुलना, जांच की अवधि सहित क्षति अवधि में संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं की निबल बिक्री वसूली और पहुंच मूल्यों के साथ की गई है।

विवरण	यूनिट	2011-12	2012-13	2013-14	जांच अवधि
पहुंच मूल्य	रुपए/कि.ग्रा.	1,155	658	407	419
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*57*	*35*	*36*
बिक्रियों की लागत (डब्ल्यूए)	रुपए/कि.ग्रा	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	100	105	104	103
बिक्रियों की लागत (सीजी)	रुपए/कि.ग्रा.	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*105*	*104*	*103*
बिक्री कीमत (डब्ल्यूए)	रुपए/कि.ग्रा.	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	100	69	57	56
बिक्री कीमत (सीजी)	रुपए/कि.ग्रा.	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	100	59	51	50

49. प्राधिकारी नोट करते हैं कि क्षति अवधि में आयातों की पहुंच कीमतों में निरंतर गिरावट आई है, हालांकि घरेलू उद्योग की बिक्रियों की लागत कुल मिला कर स्थिर बनी रही हैं लेकिन उसमें मामूली वृद्धि हुई है। दूसरी ओर दोनों तुलनीय ग्रेड की बिक्री कीमत तथा सभी ग्रेडों की समग्र भारित औसत कीमत में पहुंच मूल्य के अनुरूप निरंतर गिरावट होती रही है ताकि बाजार के हिस्से को संरक्षित रखा जा सके। इसलिए बिक्रियों की लागत में वृद्धि को प्रयोक्ताओं को अंतरित नहीं किया जा सकता है, क्योंकि घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत में ह्रास होता रहा है।

50. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि आयातों के फलस्वरूप बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों पर कीमत ह्रास और न्यूनीकरण होने का प्रभाव पडा है। जबकि क्षति अवधि में उत्पादन की लागत में वृद्धि हुई है, बिक्री की कीमतों में अत्यधिक गिरावट आई है। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग को जांच अवधि के दौरान अतिरिक्त लाभ प्राप्त हुआ है।

ट. घरेलू उद्योग से संबंधित आर्थिक प्राचलों की जांच

51. पाटन-रोधी नियमावली के अनुबंध-2 में ऐसी अपेक्षा की जाती है कि क्षति का निर्धारण करने में ऐसे उत्पाद के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव की उद्देश्य परक जांच करना निहित होगा। नियमावली में आगे यह भी प्रावधान है कि घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच करने में ऐसे सभी आर्थिक कारकों और सूचकों की सार्थक और निष्पक्ष मूल्यांकन करना शामिल होना चाहिए, जिनका उद्योग की स्थिति पर प्रभाव पडता है। इनमें वास्तविक बिक्रियां और बिक्रियों, लाभ, आउटपुट, बाजार के हिस्से, उत्पादकता, निवेश पर प्रतिलाभ अथवा क्षमता उपयोग में

वास्तविक और संभावित गिरावट, घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाले कारक, पाटन के मार्जिन की मात्रा, नकदी प्रवाह, माल सूचियां, रोजगार, वेतन, संवृद्धि, पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता शामिल है। घरेलू उद्योग से संबंधित विभिन्न क्षति प्राचलों का उल्लेख नीचे किया गया है।

(क) उत्पादन, क्षमता, क्षमता उपयोग और बिक्रियां

52. घरेलू उद्योग का उत्पादन, क्षमता, क्षमता उपयोग और बिक्रियों के संबंध में निष्पादन निम्नानुसार है :-

विवरण	**यूनिट**	**2011-12**	**2012-13**	**2013-14**	**जांच अवधि**
क्षमता(टीएफई के रूप में)	मी.टन	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*100*	*135*	*135*
उत्पादन (टीएफई)	मी.टन	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*77*	*88*	*110*
क्षमता उपयोग	%	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*77*	*65*	*82*
घरेलू बिक्रियां (सभी ग्रेड)	मी.टन	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*136*	*147*	*179*

53. उपरोक्त स्थिति से प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्ष 2012-13 में घरेलू उद्योग के उत्पादन में गिरावट आई है और उसके बाद उसमें वृद्धि हुई है। इसके साथ ही वर्ष 2013-14 तक घरेलू उद्योग के क्षमता उपयोग में गिरावट आई है, लेकिन उसके बाद उसमें वृद्धि हुई है। इसलिए उत्पादन और क्षमता उपयोग, पाटित आयातों ने जांच अवधि के दौरान समग्र विश्लेषण पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं डाला है। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि कंपनी ने अपनी क्षमता का विस्तार मुख्यतया निर्यात मांग को पूरा को पूरा करने के लिए किया था तथा क्षमता का कम उपयोग होने का मुख्य कारण विचाराधीन उत्पाद की वैश्विक मांग में मंदी आना है।

(ख) बाजार का हिस्सा

54. प्राधिकारी नोट करते हैं कि क्षति अवधि में घरेलू उद्योग के बाजार के हिस्से में वृद्धि हुई है और इसी तरह क्षति अवधि में आयातों के बाजार के हिस्से में भी वृद्धि हुई है।

विवरण	**यूनिट**	**201112-**	**201213-**	**201314-**	**जांच अवधि**
घरेलू उद्योग की बिक्री	%	***	***	***	***
अन्य भारतीय उत्पादकों की बिक्री	%	***	***	***	***
संबद्ध देश –रूस से आयात	%	0.24	0.18	2.43	3.79
अन्य देश -चीन जनवादी गणराज्य से आयात जिन पर पाटन-रोधी शुल्क लग रहा है।	%	27.26	23.29	27.32	25.19
अन्य देशों से आयात	%	29.49	28.04	22.77	16.94

(ग) लाभ, निवेश पर प्रतिलाभ और नकदी प्रवाह

55. उपरोक्त प्राचलों के संबंध में घरेलू उद्योग के निष्पादन का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

तुलनीय ग्रेडों के लिए

विवरण	यूनिट	201112-	201213-	201314-	जांच अवधि
बिक्रियों की लागत	रुपए/कि.ग्रा.	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*105*	*104*	*103*
बिक्री कीमत	रुपए/कि.ग्रा.	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*59*	*51*	*50*
लाभ/हानि	रुपए/कि.ग्रा.	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*26*	*14*	*13*
लाभ/हानि	रुपए/कि.ग्रा.	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*31*	*15*	*18*
नकद लाभ	रुपए/कि.ग्रा.	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*33*	*16*	*20*
नियोजित पूंजी पर प्रतिलाभ	रुपए/कि.ग्रा.	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*27*	*14*	*18*

सभी ग्रेडों का मिश्रण

विवरण	यूनिट	201112-	201213-	201314-	जांच अवधि
बिक्रियों की लागत	रुपए/कि.ग्रा.	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*129*	*131*	*127*
बिक्री कीमत	रुपए/कि.ग्रा.	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*70*	*58*	*57*

लाभ/हानि	रुपए/कि.ग्रा.	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*28*	*6*	*7*
लाभ/हानि	रुपए/कि.ग्रा.	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*69*	*15*	*23*
नकद लाभ	रुपए/कि.ग्रा.	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*79*	*25*	*34*
नियोजित पूंजी पर प्रतिलाभ	%	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*5*	*1*	*2*

56. उपरोक्त स्थिति के आधार पर प्राधिकारी नोट करते हैं कि कंपनी ने आधार वर्ष के दौरान अतिरिक्त लाभ अर्जित किया है, चूंकि आरओआई 100 % से अधिक थी जिसमें क्षति अवधि में उत्तरोतर गिरावट आ गई, हालांकि यह तुलनीय ग्रेड की वस्तु के लिए सामान्य बनी रही । सभी ग्रेडों की मिश्रित लाभप्रदता में गिरावट आई, हालांकि यह संपूर्ण क्षति अवधि के दौरान सकारात्मक बनी रही। आधार वर्ष 2010-11 में अतिरिक्त लाभ अर्जित करने का कारण कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट में यह बताया गया है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में विचाराधीन उत्पाद की कमी के कारण निर्यात बाजार और घरेलू बाजार दोनों में इसकी मात्रा और कीमतों में अत्यधिक उछाल आया था ।

57. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि विचाराधीन उत्पाद की आयात कीमतों में गिरावट आने को ध्यान में रखते हुए घरेलू बिक्रियों के संबंध में घरेलू उद्योग के लाभ में गिरावट आई थी। भारतीय बाजार में पाटित आयातों के प्रवेश करने से घरेलू उद्योग को बाजार में सुस्थिर रूप से बने रहने के लिए कम कीमतों पर वस्तुओं को बेचना पडा था। इस प्रकार घरेलू उद्योग को अपनी कीमतों में वृद्धि करने से रोका गया है। वास्तव में जब कीमत में वृद्धि हुई थी तब बिक्री कीमतों में गिरावट आई थी। यह भी नोट किया जाता है कि निवेश पर प्रतिलाभ और नकद लाभ में भी लगभग वही प्रवृति रही है, जैसी की लाभ की है। इस अवधि में निवेश पर प्रतिलाभ और नकद लाभ में भी गिरावट आई है। तथापि, प्राधिकारी नोट करते हैं कि आधार वर्ष के दौरान घरेलू उद्योग ने अतिरिक्त लाभ अर्जित किया है।

58. विचाराधीन उत्पाद के सभी ग्रेडों की नीचे दी गई सूचना से प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग की माल सूचियों में वृद्धि हुई है।

विवरण	**यूनिट**	**2011-12**	**2012-13**	**2013-14**	**जांच अवधि**
औसत भंडार	मी.टन	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*189*	*177*	*202*

(ग) रोजगार, उत्पादकता और वेतन

59. विचाराधीन उत्पाद के सभी ग्रेडों की नीचे दी गई सूचना से प्राधिकारी यह मानते हैं कि घरेलू उद्योग में रोजगार लगभग उन्हीं स्तरों पर बना हुआ है ।

विवरण	यूनिट	2011-12	2012-13	2013-14	जांच अवधि
रोजगार	संख्या	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*110*	*92*	*100*
वेतन और मजदूरियां	लाख रुपए	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*110*	*36*	*37*

(घ) संवृद्धि

60. विभिन्न प्राचलों की संवृद्धि के संबंध में सूचना निम्नानुसार है :-

वृद्धि	यूनिट	2011-12	2012-13	2013-14	जांच अवधि
उत्पादन में (टीईई रहित सकल)	%	-	(32)	7	23
घरेलू बिक्रियों की मात्रा में	%	-	36	8	22
घरेलू बिक्री कीमत में	%	-	(31)	(17)	(1)
घरेलू बिक्री की लागत में	%	-	12	2	(3)
औसत स्टॉक में	%	-	89.06	(6.45)	13.95

61. प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग के संवृद्धि के सूचकों ने ऐसा अंतर दर्शाया है जो कि मात्रा के प्राचलों में सकारात्मक और कीमत प्राचलों में नकारात्मक है ।

(ङ) पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता

62. प्राधिकारी का यह मानना है कि याचिकादाता कंपनी द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना के अनुसार घरेलू उद्योग के पास पहले से ही पर्याप्त क्षमता विद्यमान है और भविष्य में नया निवेश करने पर कोई विचार नहीं किया जा रहा है ।

(च) पाटन का स्तर और पाटन मार्जिन

63. प्राधिकारी का यह मानना है कि संबद्ध देश से पाटन मार्जिन, पर्याप्त होने की अपेक्षा न्यूनतम से काफी अधिक है । घरेलू उद्योग पर पाटन का प्रभाव, कीमत कटौती के रूप में भी देखा जा सकता है ।

(छ) कारणात्मक संबंध

64. पाटन-रोधी नियमावली के अनुसार प्राधिकारी को अन्य बातों के साथ-साथ पाटित आयातों से भिन्न ऐसे अन्य ज्ञात कारकों की भी जांच करनी अपेक्षित होती है, जो कि उस समय घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचा रहे होते हैं, ताकि ऐसे अन्य कारकों से होने वाली क्षति के लिए पाटित आयातों को जिम्मेदार नहीं माना जाए । इस संबंध में जो कारक प्रासंगिक होते हैं, उनमें अन्य बातों के साथ-साथ ऐसे आयातों की मात्रा और और कीमत, जो कि पाटित कीमतों पर नहीं बेचे जाते हैं, मांग में

संकुचन अथवा खपत के पेटर्न में परिवर्तन, प्रतिसंबंधित व्यापारिक पद्धतियां और विदेशी और घरेलू उत्पादकों के बीच प्रतिस्पर्द्धा, प्रोद्योगिकी में विकास और निर्यात निष्पादन और घरेलू उद्योग की उत्पादकता शामिल है। इसकी जांच की गई है कि क्या नियमावली में सूचीबद्ध ऐसे अन्य प्राचल, घरेलू उद्योग को हुई क्षति के कारण हो सकते हैं। इसके तृतीय निर्णायक समीक्षा होने के नाते प्राधिकारी यह उपयुक्त समझते हैं कि पाटित आयातों और क्षति के बीच कारणात्मक संबंध होने को पुन: सिद्ध किया जाए । यह पाया गया है कि –

(1) **अन्य देशों से आयातों की मात्रा और कीमत –** संबद्ध देश और चीन से विचाराधीन उत्पाद के आयातों पर पाटन-रोधी शुल्क लग रहा है। तृतीय देश के आयात मुख्यतया यूएसए और यूरोपीय यूनियन से आयात अत्यधिक उच्च कीमतों पर होते हैं।

(2) **उत्पाद की मांग –** विचाराधीन उत्पाद की घरेलू मांग से सकारात्मक प्रवृति का पता चला है। चूंकि मांग में कोई संकुचन नहीं है, मांग में संभावित गिरावट को घरेलू उद्योग की क्षति का कारण नहीं माना जा सकता है।

(3) **खपत के पेटर्न में परिवर्तन –** विचाराधीन उत्पाद के संबंध में खपत के पेटर्न में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

(4) **व्यापारिक प्रतिबंधित पद्धतियां तथा विदेशी और घरेलू उत्पादकों के बीच प्रतिस्पर्द्धा -** ऐसी कोई प्रतिबंधित व्यापारिक पद्धति नहीं है, जो कि घरेलू उद्योग की क्षति का कारण हो सकती है। तथापि, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू बाजार में घरेलू उद्योग एक प्रमुख वाणिज्यिककार है और विचाराधीन उत्पाद की वैश्विक क्षमता में उसका अंश **** है।

(5) **प्रोद्योगिकी में विकास -** उत्पाद के उत्पादन के लिए प्रोद्योगिकी में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। इसलिए प्रोद्योगिकी परिवर्तन क्षति का एक कारक नहीं है।

(6) **निर्यात निष्पादन** - घरेलू उद्योग की क्षति का दावा घरेलू प्रचालनों के कारण है। तथापि, याचिकादता ने घरेलू बिक्रियों के लिए लागत और क्षति की सूचना पृथक रूप से प्रदान की है। इसलिए निर्यात को घरेलू उद्योग की क्षति का कारण नहीं माना जा सकता है।

(7) **घरेलू उद्योग द्वारा निर्मित और बेचे गए अन्य उत्पादों का निष्पादन -** इस याचिका में केवल संबद्ध वस्तुओं के बारे में सूचना दी गई है।

<u>क्षति की मात्रा और क्षति मार्जिन</u>

65. प्राधिकारी द्वारा यथा निर्धारित और घरेलू उद्योग द्वारा प्रदत्त संबद्ध वस्तुओं की क्षति रहित कीमत की तुलना, जांच अविध के दौरान क्षति मार्जिन का निर्धारण करने के लिए संबद्ध देश से निर्यातों के पहुंच मूल्य के साथ की गई है। वस्तु-दर-वस्तु की तुलना करने के प्रयोजनार्थ प्राधिकारी ने संबद्ध देश से देश में आयातित ग्रेड नामत: 4 आर बी की तुलना, घरेलू उद्योग के वर्जिन ग्रेन्यूलर ग्रेड 610 के साथ की है, जिसका उपयोग सामान्य मॉल्डिंग अनुप्रयोगों के लिए किया जाता है। तदनुसार समान ग्रेड और समान अवधि को ध्यान में रखते हुए क्षति मार्जिन का निर्धारण किया गया है। उपरोक्त ग्रेडों के लिए भारित औसत के आधार पर क्षति मार्जिन निम्नानुसार है :-

विवरण	**यूनिट**	**राशि**
क्षति रहित कीमत	अमरीकी डालर प्रति मी.टन	***
पहुंच कीमत	अमरीकी डालर प्रति मी.टन	***
क्षति मार्जिन	अमरीकी डालर प्रति मी.टन	***
क्षति मार्जिन	%	***
क्षति मार्जिन	% सीमा	10-15

66. उपरोक्त स्थिति से प्राधिकारी का यह मानना है कि जांच अवधि के दौरान रूस से सभी उत्पादकों/निर्यातकों द्वारा विनिर्मित उपरोक्त ग्रेड के विचाराधीन उत्पाद के आयातों के संबंध में क्षति मार्जिन सकारात्मक है।

आर्थिक क्षति

67. प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटन-रोधी शुल्क लागू होने के बावजूद संबद्ध देश से आयातों में पूर्णरूपेण और भारत में उत्पादन/खपत के प्रसंग में दोनों प्रकार से वृद्धि हुई है और यह सुस्पष्ट बने रहे हैं। आयातों की पहुंच कीमत, घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से कम है। आयात बाजार में घरेलू उद्योग की कीमत में कटौती कर रहे हैं। आयात बाजार में घरेलू उद्योग की कीमत में ह्रास और उसका न्यूनीकरण कर रहे हैं। अनेक वर्षों से आयात कीमतों में गिरावट हो रही है और उसके परिणाम स्वरूप घरेलू उद्योग के कार्य निष्पादन में आधार वर्ष की तुलना में लाभ, निवेश पर प्रतिलाभ, नकद प्रवाह और माल सूचियों के रूप में गिरावट आई है। तथापि, जांच अवधि के दौरान एनआईपी नियमावली के अनुसार यथा स्वीकृत आरओआई लगभग उचित प्रति लाभ के बराबर है। आर्थिक क्षति का मूल्यांकन किया गया है और देश में आयातित ग्रेड के समकक्ष ग्रेड के लिए अर्हकारी है।

(झ) पाटन और क्षति के निरंतर जारी रहने अथवा पुनरावृति होने की संभावना

घरेलू उद्योग द्वारा किए गए निवेदन

68. घरेलू उद्योग द्वारा पाटन और क्षति के निरंतर जारी रहने अथवा पुनरावृति होने की संभावना के बारे में अपने दावे के समर्थन में किए गए निवेदन निम्नानुसार हैं :-

(1) पाटन की संभावना से संबद्ध कारक संभावित क्षति होने के साथ-साथ वर्तमान मामले के प्रासंगिक हैं और उन पर विश्वास किया जाता है।

(2) पाटन-रोधी शुल्क लागू होने के बावजूद घरेलू बाजार में आयात, पाटित कीमत पर किए गए हैं।

(3) संबद्ध देश से उत्पादकों के पास कम घरेलू मांग की तुलना में अत्यधिक प्रयोत्य क्षमता *** है और उनके उत्पादन के 90% से अधिक के गहन निर्यातों से ऐसा स्थापित होता है कि पाटन-रोधी शुल्क समाप्त कर देने पर भी भारत में सघन निर्यात हो सकते हैं।

(4) संबद्ध देश से निर्यातक विचाराधीन उत्पाद के निर्यात, तृतीय देशों को भी पाटित कीमतों पर कर रहे हैं।

(5) रूस से तृतीय देशों को निर्यातों के मामले में भी पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन दोनों सकारात्मक हैं।

(6) वर्तमान जांच अवधि में पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन दोनों सकारात्मक हैं और संबद्ध देश के मामले में ये अत्यधिक हैं।

(7) प्रचलित पाटन-रोधी शुल्क के बिना भी कीमतों में कटौती सकारात्मक है।

(8) वास्तव में आयात की कीमतें, घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से कम हैं। इसलिए उपभोक्ता पाटन-रोधी शुल्क को समाप्त कर दिए जाने पर आयातित उत्पाद की ओर उन्मुख हो सकते हैं जिसके परिणामस्वरूप उत्पाद के आयातों में वृद्धि हो सकती है।

(9) घरेलू उद्योग पहले से ही पाटित आयात कीमतों के कारण कीमत ह्रास का सामना कर रहा है जो कि घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से भी कम है। पाटन-रोधी शुल्क को समाप्त कर दिए जाने पर घरेलू उद्योग को पाटित आयातों से प्रतिस्पर्द्धा करने के लिए अपनी बिक्री कीमत को कम करना पड सकता है, जो कि उसकी बिक्री लागत से भी कम करना पड सकती है जिसके फलस्वरूप उसको कीमत क्षति होगी।

निर्यातकों, आयातकों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए निवेदन

69. मेसर्ज जीआईपीएल ने बताया है कि पाटन-रोधी शुल्क को समाप्त कर दिए जाने पर स्थानीय बाजारों में रूस के आयातों की भरमार नहीं होगी क्योंकि घरेलू उद्योग में पटीएफई के सीमित प्रयोक्ता हैं।

प्राधिकारी द्वारा जांच

70. वर्तमान जांच रूस से संबद्ध वस्तुओं के आयातों पर लागू पाटन-रोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा जांच होने के नाते प्राधिकारी को इसका निर्धारण करना आवश्यक है कि क्या पाटन-रोधी शुल्क को निरंतर जारी रखने की आवश्यकता है। प्राधिकारी ने इसकी जांच की है कि शुल्क लगाने से पाटन के क्षति प्रभाव को दूर करने का अभीष्ट उद्देश्य पूरा हुआ है, क्योंकि जैसा कि एनएसआर में अनुरोध किया गया है, जांच अवधि में लगाया गया पाटन-रोधी शुल्क एनआईपी से अधिक है।

71. प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्तमान जांच में रूस से संबद्ध वस्तुओं का निरंतर पाटन हो रहा है जिसके कारण घरेलू उद्योग को क्षति हो रही है, जिससे संबद्ध देश से पाटन और क्षति होने की संभावना का पता चलता है। उपरोक्त स्थिति को ध्यान में रखते हुए और भारतीय बाजार में विद्यमान अनुकूल बाजार स्थितियों के कारण जहां तक संबद्ध वस्तुओं की मांग और कीमत का संबंध है, प्राधिकारी का मानना है कि पाटन-रोधी शुल्क को समाप्त कर दिए जाने पर रूस से पाटन में वृद्धि होगी । निम्नलिखित विश्लेषण से ऐसा पता चलेगा कि पाटन-रोधी शुल्क को समाप्त कर दिए जाने की स्थिति में ऐसी संभावना है कि निरंतर पाटन/सघन होगा और घरेलू उद्योग को क्षति होगी ।

प्राधिकारी नोट करते हैं कि मेसर्ज ओएओ हेलो पोलीमर, रूसी परिसंघ एक प्रतिवादी उत्पादक/निर्यातक है जो कि जांच अवधि में संबद्ध वस्तुओं का एक मात्र उत्पादक है जिसके *** उत्पादन का निर्यात किया गया है और केवल *** की बिक्री घरेलू बाजार में की गई है। इसलिए पाटन-रोधी शुल्क को समाप्त कर दिए जाने पर रूस में पटीएफई की कम घरेलू मांग होने और परिणामी अत्यधिक सघन निर्यात के साथ-साथ सकारात्मक पाटन और क्षति मार्जिन, निरंतर पाटन होने और क्षति का एक सुदृढ सूचक है।

(1) <u>विगत जांच में निर्धारित पाटन मार्जिन</u>

72. प्राधिकारी ने रूस के संबंध में तीन जांच की हैं। इन सभी जांच से अत्यधिक पाटन के विद्यमान होने की पुष्टि हुई है। वर्तमान जांच के लिए निर्धारित किया गया पाटन भी पर्याप्त है। इससे यह स्थापित होता है कि पाटन-रोधी शुल्क समाप्त किए जाने की स्थिति में पाटन के निरंतर बने रहने की संभावना है। विगत जांच में भी संबद्ध देश के संबंध में पाटन मार्जिन पर्याप्त था।

(2) <u>विगत मूल अवधि और परवर्ती अवधि के बीच आयातों की मात्रा</u>

73. विगत जांच के साथ-साथ वर्तमान अवधि में सूचित किए गए निर्यातों की मात्रा से पता चलता है कि पाटन-रोधी शुल्क लागू होने के बावजूद संबद्ध देश के मामले में आयातों की मात्रा अतयधिक बनी हुई है। इससे पता चलता है कि का पाटन-रोधी शुल्क को समाप्त कर दिए जाने की स्थिति में इसकी मात्रा बढ़ने की प्रबल संभावना है। तथापि, प्राधिकारी नोट करते हैं कि हालांकि जांच अवधि में जबकि आयात स्पष्ट स्तर पर दृष्टव्य थे, घरेलू उद्योग ने आरओई प्राप्त किया है, लेकिन पाटन-रोधी शुल्क को समाप्त कर दिए जाने की स्थिति में ऐसी संभावना है कि जैसा कि जांच अवधि के दौरान निर्धारित किया गया है, क्षति मार्जिन तक क्षति होने के लिए क्षति मार्जिन सृजित करना होगा।

(3) <u>विदेशी उत्पादकों की स्वतंत्र रूप से प्रयोज्य वर्तमान और संभावित क्षमताएं तथा निर्यात प्रवृतियां</u>

74. प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध देश के उत्पादकों के पास लगभग *** मी. टन (***%) तक अत्यधिक बेशी उत्पादन करने की क्षमता विद्यमान है।

(4) <u>भारतीय बाजार का कीमत आकर्षण</u>

75. प्राधिकारी नोट करते हैं कि जिन कीमतों पर संबद्ध वस्तुओं के आयात किए जा रहे हैं, वे उस कीमत से कम है, जिस पर भारतीय बाजार में वस्तुओं को बेचा जा रहा है। इसलिए पाटन-रोधी शुल्क को समाप्त कर दिए जाने की स्थिति में संबद्ध देश से निर्यात, उनके पास उपलब्ध अत्यधिक क्षमता को ध्यान में रखते हुए भारतीय बाजार में उनकी आउटपुट और अधिक सरणीबद्ध होगी। इससे घरेलू उद्योग को संभावित क्षति होने की संभावना का पता चलता है, क्योंकि पाटन-रोधी शुल्क समाप्त कर दिए जाने पर संबद्ध देश से आयातों से घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती होने की संभावना है और इससे घरेलू उद्योग अपनी कीमतों को और कम करने के लिए विवश होगा।

(5) <u>उत्पाद की कीमत और भारतीय बाजार संबंधी संवेदनशीलता के रूप में घरेलू उद्योग की असुरक्षा</u>

76. प्राधिकारी नोट करते हैं कि भारतीय बाजार अत्यंत कीमत संवेदी है। उपभोक्ता अपनी खरीद के बारे में निर्णय लेते हैं जिसके लिए कीमत मुख्य आधार होती है । प्रतिवादी आयातक ने भी यह निवेदन किया है कि वस्तुओं को अधिप्राप्त करने के लिए कीमत एक महत्वपूर्ण प्राचल होती है । कम कीमत के आयातों के प्रयोजन और उसके परिणाम स्वरूप सहयोगी आयातक द्वारा संबद्ध वस्तुओं की घरेलू अधिप्राप्ति की कीमत में कटौती होने को भी नोट किया गया है । इसलिए बाजार में संबद्ध देश से आयातों की कम कीमत पर उपलब्धता के कारण घरेलू उद्योग पर प्रतिकूल प्रभाव पड सकता है। संबद्ध देश द्वारा निरंतर दीर्घावधि पाटन पद्धति, वर्तमान मामले का तथ्य है और ऊपर वर्णित पाटन और क्षति तथा पाटन और क्षति प्राचलों की संभावना से ऐसा महसूस किया जाता है कि पाटन-रोधी शुल्क समाप्त कर दिए जाने पर पाटन और घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति के निरंतर जारी रहने और उनके बढने की संभावना है।

77. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि वर्तमान मामले में विचाराधीन उत्पाद के सघन पाटन के कारण घरेलू उद्योग को क्षति हुई है। संबद्ध देश से वर्तमान आयात की मात्रा और पाटन मार्जिन से ऐसी संभावना बढती है कि पाटन-रोधी शुल्क समाप्त कर दिए जाने के फलस्वरूप इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि संबद्ध देश के पास घरेलू मांग से अधिक क्षमताएं विद्यमान हैं, भारतीय बाजार में संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं का सघन पाटन होगा। यह भी नोट किया जाता है कि वर्तमान पाटन-रोधी शुल्क रोकथाम के एक उपाय के रूप में कार्य कर रहा है, जिसके समाप्त कर दिए जाने के फलस्वरूप भारतीय बाजार में संबद्ध देश के उत्पादकों द्वारा विनिर्मित संबद्ध वस्तुओं के बढे हुए आयातों से पूर्ति की जाएगी।

(6) उपाय नहीं होने के कारण कीमत में कटौती

78. प्राधिकारी नोट करते हैं के पाटन-रोधी शुल्क लागू नहीं होने पर संबद्ध देशों से पाटित आयातों के कारण कीमत में कटौती होगी और यदि वर्तमान पाटन-रोधी शुल्क को समाप्त कर दिया जाता है तो ऐसी संभावना है कि कीमत में कटौती गहन होगी।

79. प्राधिकारी द्वारा किए गए क्षति विश्लेषण कुल मिला कर हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए विभिन्न निवेदनों का समाधान करते हैं। तथापि, हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए और प्राधिकारी द्वारा प्रासंगिक पाए गए निवेदन निम्नानुसार हैं :-

(क) काफी लंबे समय से पाटन-रोधी शुल्कों के विद्यमान होने के बारे में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए निवेदन के संबंध में प्राधिकारी नोट करते हैं कि पूर्व जांच में पाटन-रोधी शुल्क की मात्रा, कमतर शुल्क संबंधी नियम के अनुसार पाटन के कारण होने वाली क्षति को दूर करने के तक सीमित थे।

(ख) प्राधिकारी आगे यह भी नोट करते हैं कि जहां कहीं भी संबंधित घरेलू उद्योग द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया था, वहां उन्होंने निर्णायक समीक्षाओं में पाटन-रोधी शुल्क लगाने पर विचार किया है और उसको बढाने की सिफारिश की है और उसे यथोचित माना है। वर्तमान मामले से संबंधित तथ्यों पर विचार करते हुए प्राधिकारी का यह मानना है कि पाटन-रोधी शुल्क को समाप्त कर दिए जाने की स्थिति में पाटन के निरंतर जारी रहने, उसकी आवृति होने तथा घरेलू उद्योग को उसकी परिणामी क्षति होने की संभावना है। प्राधिकारी आगे यह भी नोट करते हैं कि विश्व भर में विशेषकर संयुक्त राज्य अमरीका में ऐसे अनेक मामले हुए हैं जिनमें पाटन-रोधी शुल्क लगाए गए हैं और जहां चतुर्थ निर्णायक समीक्षा जांच की गई थी तथा संयुक्त राज्य अमरीका में काफी लंबे समय से पाटन-रोधी शुल्क लगाए गए हैं। वर्तमान निर्णायक समीक्षा में सत्यापित आंकडों और तुलना के उचित स्तर पर कार्य-प्रणाली के आधार पर पाटन और क्षति की मात्रा का मूल्यांकन किया गया है।

(ग) घरेलू उद्योग के क्षमता विस्तार के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए निवेदनों के संबंध में प्राधिकारी नोट करते हैं कि यह केवल घरेलू बाजार तक ही सीमित नहीं है। जैसा कि गुजरात फ्लूरोकेमिकल्स लिमिटिड, द्वारा निवेदन किया गया है, घरेलू उद्योग के पास विचाराधीन उत्पाद का अत्यधिक मात्रा में निर्यात करने की क्षमता विद्यमान है। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि वह ऐसी कीमत से चिंतित हैं, जिस पर देश में पाटित आयात किए जाते हैं।

(घ) भारतीय मांग में रूस के निर्यातकों के निर्यात के तुच्छ हिस्से (जो कि घरेलू मांग का 4.5% है) के बारे में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए निवेदन के संबंध में प्राधिकारी नोट करते हैं कि निर्णायक समीक्षा के चरण में रूस से निर्यात का हिस्सा भारतीय मांग का लगभग 5% है, जो कि अत्यधिक है।

(ङ) जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के निर्यात निष्पादन में गिरावट आने के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए निवेदनों के संबंध में प्राधिकारी ने विशेष रूप से घरेलू बिक्रियों की जांच की है।

प्रकटन विवरण पर विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों की टिप्पणियां

80. विचाराधीन उत्पाद, समान वस्तु और घरेलू उद्योग का आधार

घरेलू उद्योग ने निर्दिष्ट प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए गए अपने सभी तथ्यों, तर्कों, प्रकथन और विवरणों को दोहराया है और यह अनुरोध किया है कि ऐसे निवेदनों को इनमें शामिल कर लिया जाए। घरेलू उद्योग द्वारा किए गए निवेदन निम्नानुसार हैं :-

- विचाराधीन उत्पाद का कार्य-क्षेत्र निरंतर वही है, जैसा कि निर्दिष्ट प्राधिकारी ने मूल जांच में विचार किया था। तथापि, विचाराधीन उत्पाद के विभिन्न ग्रेडों की तुलना करने की कार्य-प्रणाली के संबंध में प्राधिकारी us अलग-अलग ग्रेड के आधार पर तुलना की।
- गुजरात फ्लूयोरोकेमिकल्स लिमिटिड, याचिकादाता, का उत्पादन भारतीय उत्पादन का मुख्य अंश है, इसलिए प्राधिकारी ने इसमें गुजरात फ्लूयोरोकेमिकल्स लिमिटिड को घरेलू उद्योग माना है।
- याचिकादाता पाटन-रोधी नियमावली में उल्लिखित परिभाषा के भीतर घरेलू उद्योग बनता है।

81. पाटन

- रूस में सभी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य को निर्धारण करते समय प्राधिकारी ओएओ हेलोपोलीमर द्वारा किए गए उत्पादन की लागत के दावे को घरेलू उद्योग द्वारा किए गए दावे के साथ सहयोजित किया तथा सामान्य मूल्य की संरचना की। उत्पादक द्वारा प्रदत्त उत्पादन की लागत में सभी लागतें शामिल हैं तथा दावा की गई उत्पादन की लागत पर 5 % लाभ को शामिल करते हुए उत्पादन की लागत को अपनाया।
- भारतीय बाजार में रूस से पाटित कीमतों पर विचाराधीन उत्पाद निरंतर प्रवेश कर रहा है। इसके अतिरिक्त संबद्ध देश से पाटन मार्जिन, न्यूनतम सीमा से पर्याप्त रूप से अधिक है।
- पाटन के प्रमाण के रूप में इस संबंध में महानिदेशक के निवेदन, निम्नलिखित आधार पर सामान्य टैरिफ और व्यापार करार (जिसे आगे पाटन-रोधी करार कहा गया है) के अनुच्छेद VI के प्रावधानों के समनुरूप नहीं है :-
- विचाराधीन उत्पाद के सामान्य मूल्य की संरचना, भारतीय उत्पादकों के आंकडों का प्रयोग करके प्रतिनिधि पद्धति के आधार पर गई है, जो कि पाटन-रोधी करार के अनुच्छेद 2 के प्रावधानों के समनुरूप प्रतीत नहीं होती है।

पाटन मार्जिन का परिकलन

- विचाराधीन उत्पाद के सामान्य मूल्य की संरचना, भारत में समान उत्पादों की लागत के आधार पर की गई है। हालांकि ऐसा उपागम (अर्थात् संरचित मूल्य) सामान्यतया विश्व व्यापार संगठन की नियमावली और मानदंडों का उल्लंघन नहीं है, फिर भी ऐसी क्रिया-प्रणाली का उपयोग अनेक अवसरों पर यथोचित होता है। चूंकि संयुक्त राज्य अमरीका – ऑयल कंट्री ट्यूब्यूलर गुड्स में पेनल ने यह निर्णय दिया है कि प्रथमत: पाटन की अवधारणा, निर्यातक कीमतों और गृह बाजार की तुलना है। जब ऐसी कीमतें उचित तुलना करने की अनुमति नहीं देती हैं, तो मूल्य का निर्धारण, तृतीय देश को निर्यात किए जाने पर समान उत्पाद की कीमत के साथ तुलना करके किया जाता

है, बशर्ते कि ऐसी कीमत, मूल देश में उत्पादन की लागत की परिचायक हो और उसमें प्रशासनिक, बिक्री और सामान्य लागत और लाभ के लिए उचित समायोजन किया गया हो।

- इस प्रकार महानिदेशालय ने भारत में समान उत्पादों के उत्पादन की लागत का प्रयोग करके और न कि रूस (मूल देश) में उत्पादन की लागत का प्रयोग करके गलती की है।
- विचाराधीन उत्पाद की गृह बाजार की बिक्रियों के निम्न स्तर के अनुसार गृह बाजार की बिक्रियों का स्तर पर्याप्त है, बशर्ते कि गृह बाजार की बिक्रियां, जांच करने वाले देश में निर्यात बिक्रियों का 5% बनती हों। महानिदेशालय इस आशय के प्रमाण प्रस्तुत करने में विफल रहा है कि विचाराधीन उत्पाद की गृह बाजार की कोई बिक्री नहीं हुई है अथवा बिक्री का स्तर 5% ग्रेड से कम है।
- उपरोक्त के अतिरिक्त महानिदेशालय विचाराधीन उत्पाद के सामान्य मूल्य का परिकलन करने की कार्य-प्रणाली को प्रस्तुत करने में भी विफल रहा है। विशेष कर उत्पाद का सामान्य मूल्य का परिकलन करते समय प्रयुक्त विनिर्माण व्ययों के बारे में कोई सूचना प्रस्तुत नहीं की गई थी। इस प्रकार पाटन मार्जिन का परिकलन, पाटन-रोधी करार के अनुच्छेद 2.4 के प्रावधानों का उल्लंघन करके किया गया है।
- उपरोक्त निवेदनों के आधार पर विचाराधीन उत्पाद के पाटन मार्जिन के आकार के संबंध में परिणाम (प्रकटन विवरण का पैरा 63) पाटन-रोधी करार के अनुच्छेद 2 के समनुरूप नहीं है।

82. <u>क्षति/कारणात्मक संबंध</u>

- प्राधिकारी के इस आशय के प्रेक्षण के उत्तर में कि आयात, अग्रिम लाईसेंस के मार्ग से किए जाते हैं, प्राधिकारी us इसे घरेलू उद्योग के संभावित बिक्रियों के लिए एक खोया हुआ अवसर माना क्योंकि वह आयातक की संबद्ध वस्तुओं के समकक्ष ग्रेड को बेच सकता था। यह निवेदन किया जाता है कि अग्रिम लाईसेंस के आधार पर अधिप्राप्त किए गए रूस के पीटीएफई को बेचा नहीं गया था अथवा घरेलू बाजार में बेचने का इरादा नहीं था। इसलिए ऐसी कोई संभावना नहीं है कि उसके कारण घरेलू उद्योग ने कोई अवसर गंवाया हो। जैसा कि पहले निवेदन किया गया है, गुणवत्ता और समानता तथा अंत उपभोक्ताओं की अभिरूचियों के मुद्दों के कारण घरेलू उद्योग से समकक्ष ग्रेड की अधिप्राप्ति करने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।
- यह नोट करना प्रासंगिक है कि जीआईपीएल द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकडों के अलावा किसी अन्य स्टेकहोल्डरों द्वारा प्रस्तुत की गई कोई सूचना उपलब्ध नहीं है और इसलिए घरेलू उद्योग द्वारा प्रक्षेपित मात्रा संबंधी कारणात्मक संबंध कल्पना मात्र है।
- लागू पाटन-रोधी शुल्क की समाप्ति को यथोचित ठहराने के निम्नलिखित मूलभूत मुद्दों को दोहराया जाता है :-
  - यह कि पाटन-रोधी संरक्षण प्राय: अंत उपभोक्ताओं की पर्याप्त लागत पर किया जाता है।
  - घरेलू उद्योग का पाटन-रोधी संरक्षण, उपभोक्ताओं की लागत पर किया जाता है, जिसके फलस्वरूप उच्चतर कीमतें होती हैं, निम्नतर गुणवत्ता युक्त उत्पाद होते है और इस प्रकार उपभोक्ता की अभिरूचियों को कम किया जाता है।
  - अर्थव्यवस्था की दृष्टि से किसी भी पाटन-रोधी विधि का समर्थन करने का कोई कारण नहीं है, चूंकि समस्त बाजार में कीमतों में वैध अंतर होता है और अधिमान्य युक्तिसंगत, तर्कसंगत, कानूनी लाभ, अधिकतम कार्रवाई करने योग्य होता है।

- कुछ निर्यात कीमतों को इस कारण से अनुचित ठहराने का कोई औचित्य नहीं है कि वे अन्य बाजारों में प्रचलित कीमतों की तुलना में निम्नतर होती हैं, जबकि घरेलू कीमत में अंतर रहता है। देश के घरेलू क्षेत्रीय बाजारों के बीच ऐसा अंतर सामान्यतया दंडित नहीं होता है।

- जैसा कि प्रकटन विवरण में उल्लेख किया गया है, संयुक्त राज्य अमरीका में पाटन-रोधी शुल्कों की शुरूआत में वर्ष 1993 से गिरावट आने की प्रवृति दृष्टिगत हुई है। इसके अतिरिक्त भारत ने कुल वैश्विक पाटन-रोधी मामलों में से लगभग 20 % मामले दायर किए हैं, जो कि उसके 2% वैश्विक आयातों की अपेक्षा काफी असंगत हैं।

- ऐसा प्रतीत होता है कि महानिदेशालय क्षति का विश्लेषण करते समय भारत में घरेलू उद्योग (जिसे आगे घरेलू उद्योग कहा गया है) की स्थिति से संबंधित सभी संबद्ध आर्थिक आंकडों और कारकों की जांच करने में विफल रहा है, जो कि पाटन-रोधी करार के अनुच्छेद 3 के उपबंधों का उल्लंघन है।

- अंतत: महानिदेशालय, उचित तरीके से इस संदेह को दूर करने में विफल रहा है कि घरेलू उद्योग को हुई आरोपित क्षति और विचाराधीन उत्पाद के बीच कारणात्मक संबंध है। इसके विपरीत पाए गए अपर्याप्त निकृष्ट प्रमाणों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला गया है कि ऐसे कारणात्मक संबंध विद्यमान हैं।

➢ घरेलू उद्योग के संबंध में क्षति का विश्लेषण करते समय महानिदेशालय ऐसे आंकडों और निवेदनों का निदान करने में विफल रहा है, जो कि घरेलू उद्योग के सकारात्मक विकास को प्रतिबिंबित करते हैं, जो कि पाटन-रोधी करार के अनुच्छेद 3 प्रावधानों का उल्लंघन है।

➢ थाईलैंड – एच बीम्स के पेनल ने पाटन-रोधी करार के अनुच्छेद 3.4 प्रावधानों की जांच करते समय यह निर्णय दिया गया था कि अनेक कारकों के सकारात्मक चलन के लिए ऐसे अकाट्य स्पष्टीकरण की आवश्यकता होगी कि ऐसी प्रत्यक्ष सकारात्मक प्रवृतियों के आलोक में करार {.....} की परिभाषा के भीतर घरेलू उद्योग, क्यों और कैसा क्षति ग्रस्त रहा है और ऐसी स्थिति की गहराई से जांच की जानी चाहिए और प्रत्यायक स्पष्टीकरण दिया जाना चाहिए कि किसी अन्य कारकों और सूचकों द्वारा क्या और कैसे सकारात्मक चलन को प्रभावित किया गया है, जिसका चलन जांच अवधि के दौरान नकारात्मक दिशा की ओर हो सकता था।

➢ महानिदेशालय के निवेदनों के अनुसार विशेषकर निम्नलिखित कारक, वर्ष 2011 से जांच अवधि (अक्टूबर, 2013 – सितंबर, 2014) के दौरान घरेलू उद्योग के सकारात्मक विकास को दर्शा रहे हैं :-

- घरेलू बाजार में घरेलू उत्पादकों की बिक्रियों में 73% तक की वृद्धि।
- घरेलू बाजार में घरेलू उत्पादकों की बिक्रियों के सूचकांक में 179 बिंदुओं तक की वृद्धि।
- घरेलू उद्योग की उत्पादन क्षमता में वर्ष 2013—14 में 35 सूचकांक में बिन्दुओं तक की वृद्धि।

➢ फिलहाल घरेलू उद्योग के विकास की विभिन्न सकारात्मक प्रवृतियों के बावजूद महानिदेशालय पाटन-रोधी करार के अनुच्छेद 3.4 के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए संपूर्ण और प्रत्यायक स्पष्टीकरण देने में विफल रहा है कि ऐसी सकारात्मक प्रवृतियां कैसे नकारात्मक कारकों से अतिभारित हो गईं हैं।

➢ महानिदेशालय ने यह निष्कर्ष गलत निकाला है कि खपत के ढांचे में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है, क्योंकि जांच अवधि के दौरान घरेलू खपत में भारतीय उत्पादकों के अंशदान में 11 सूचकांक बिन्दुओं अर्थात् 54% तक की वृद्धि हुई थी। इसलिए ऐसा प्रतीत होता है कि महानिदेशालय, घरेलू उद्योग को हुई क्षति को सिद्ध करते समय पाटन-रोधी करार के अनुच्छेद 3 के प्रावधानों का अनुपालन करने में विफल रहा है।

- पाटन-रोधी करार के अनुच्छेद 3 के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए महानिदेशालय समान उत्पाद की भारतीय उत्पादकों के निर्यात के आंकडों का गहन और पर्याप्त विश्लेषण प्रस्तुत करने में विफल रहा है।
- घरेलू उद्योग को आरोपित आर्थिक क्षति भारतीय उत्पादकों के निर्यात क्रिया-कलापों के कारण हो सकती है।
- विशेषकर महानिदेशालय ऐसे आंकडों का निदान करने में विफल रहा है, जो कि प्रथम जांच अवधि के साथ तुलना करने पर विचाराधीन अवधि के दौरान विचाराधीन उत्पाद में 30-37% तक की गिरावट दर्शाते हैं।
- विचाराधीन उत्पाद और घरेलू उद्योग की आरोपित आर्थिक क्षति के बीच स्पष्ट कारणात्मक संबंध होने की संपुष्टि करने के लिए प्रकटन विवरण के पैरा 64-65 को निश्चित रूप से पर्याप्त नहीं माना जा सकता है ।
- विशेषकर महानिदेशालय ने विचाराधीन उत्पाद की आयात कीमतों की तुलना, संयुक्त राज्य अमरीका और यूरोपीय यूनियन मूल के समान उत्पादों की आयात कीमतों के साथ की है। ऐसी कार्य-प्रणाली को सही और उपयुक्त नहीं माना जा सकता है, क्योंकि महानिदेशालय उत्पाद के विनिर्माण से संबद्ध वास्तविक लागतों का परिकलन करने में विफल रहा है। आयात कीमतों का निर्धारण करने के लिए किसी अन्य कार्य-प्रणाली का उपयोग नहीं किया गया है और इसके साथ-साथ इसकी समीक्षा करते समय रूस की अर्थव्यवस्था, जैसे कि भौगोलिकीय अवस्थिति या कच्चे माल की लागत कीमत को ध्यान में नहीं रखा गया है।
- भारत में खपत में विचाराधीन उत्पाद के आयात में 3.8% तक की तुच्छ वृद्धि बमुश्किल से घरेलू उद्योग पर किसी प्रकार का नकारात्मक प्रभाव डालने का कारण हो सकती है। विशेषकर मंत्रालय यह नोट करता है कि घरेलू बाजार में भारत में मूल समान उत्पाद की खपत के अंशदान में 54.1% की वृद्धि हुई है।
- पीटीएफई के संबंध में वर्तमान अंतिम निर्णायक समीक्षा की शुरूआत, गुजरात फ्लूओरो केमिकल्स लिमिटिड (याचिकादाता) की याचिका पर की गई थी। गुआरनीफ्लोन इंडिया प्राईवेट लिमिटिड (जिसे आगे जीआईपीएल कहा गया है), वर्ष 2013-15 के दौरान याचिकादाता से पीटीएफई का प्रमुख अधिप्राप्त कर्ता है जिसने रूस के विनिर्माता, ओएओ हेलोपोलीमर से भी पीटीएफई की अधिप्राप्ति की है। निर्णायक समीक्षा जांच के दौरान जीआईपीएल ने पीटीएफई की गुणवत्ता के संबंध में निम्नलिखित सूचना (पैरा 14) प्रस्तुत की है। जीआईपीएल के अनुसार ओएओ हेलोपोलीमर का संयंत्र अपेक्षाकृत पुराना है जिसमें पीटीएफई का विनिर्माण करने की सुस्थिर प्रक्रिया संस्थापित है। उनका पीटीएफई गुणवत्ता की दृष्टि से सुसंगत है, जबकि याचिकादाता का उत्पाद गुणवत्ता की दृष्टि से अत्यधिक असंगत है। इसके अतिरिक्त जीआईपीएल द्वारा ओएओ हेलोपोलीमर से प्राप्त किया गया पीटीएफई विशेषकर 4 आरबी ग्रेड का है, जो कि जीआईपीएल के अनुसार असंगत होने के कारण उत्तम कोटि का माना जाता है। इस प्रकार याचिकादाता, रूस से आरोपित पाटित आयातों के कारण लाभ नहीं गंवा सकता है, बल्कि निकृष्ट कोटि के उत्पाद के परिणामस्वरूप लाभ गंवा सकता है। ऐसा प्रतीत होता है कि महानिदेशालय इस सूचना का निदान करने में विफल रहा है।

83. याचिकादाता ने बताया है कि जब तक जांच यह सिद्ध नहीं कर देती है कि पाटन-रोधी शुल्क को समाप्त कर दिए जाने की स्थिति में पाटन होने और घरेलू उद्योग को उससे परिणामी क्षति होने की संभावना है, तब तक पाटन-रोधी शुल्क को आगे बढाया जा सकता है।

- रूस से आयात भारतीय मांग का अत्यधिक हिस्सा बनते हैं जो निर्णायक समीक्षा के चरण में अत्यधिक है और उनका संभावित विश्लेषण किया जा सकता है।
- हाल ही में संबद्ध देश से विचाराधीन उत्पाद के आयातों में पूर्णरूपेण वृद्धि हुई है।

- क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के साथ-साथ रूस के बाजार के हिस्से में वृद्धि हुई है।
- संबद्ध देश से आयातों की पहुंच कीमत, घरेलू बिक्री कीमत में कटौती कर रही है।
- आयातों के फलस्वरूप बाजार में घरेलू कीमतों में ह्रास और न्यूनीकरण हुआ है।
- विचाराधीन उत्पाद के आयातों की पहुंच कीमत घरेलू उद्योग की एनआईपी से कम है। इस प्रकार इसके फलस्वरूप अत्यधिक क्षति मार्जिन है।
- वर्तमान पाटन-रोधी शुल्क को समाप्त कर देने की स्थिति में पाटन और परिणामी क्षति होने की संभावना है।

➢ याचिकादाता ने यह निवेदन किया है कि आयातित ग्रेड और घरेलू उद्योग द्वारा आपूर्ति किए गए ग्रेड 610 पर विचार करते हुए क्षति का प्रतिबंधित निर्धारण करना उपयुक्त नहीं होगा। मेसर्ज गुआरनीफ्लोन इंडिया प्राईवेट लिमिटिड (जीआईपी) द्वारा आयातित उत्पाद को, घरेलू उद्योग द्वारा आपूर्ति किए जा रहे ग्रेडों का उपयोग करके परस्पर रूप से इस्तेमाल किया जा सकता है। चूंकि यह कंपनी घरेलू उद्योग के इन ग्रेडों का परस्पर रूप से प्रयोग कर रही है, याचिकादाता का यह निवेदन है कि इन ग्रेडों को कंपनी द्वारा आयातित उत्पाद के समान वस्तु माना जाए। जबकि पाटन मार्जिन के प्रयोजनार्थ यह उपयुक्त होगा कि जहां तक क्षति मार्जिन का संबंध है, संबद्ध ग्रेडों पर विचार किया जाए, निर्दिष्ट प्राधिकारी को भारत में समान वस्तु पर विचार करने के की आवश्यकता होती है। इस संबंध में यह निवेदन किया जाता है कि पाटन मार्जिन की कार्य-प्रणाली, गृह बाजार में याचिकादाता द्वारा निर्मित और आपूर्ति किए गए ग्रेड पर निर्भर करती है। तथापि, जहां तक क्षति मार्जिन का संबंध है, प्राधिकारी को याचिकादाता द्वारा निर्यातित ग्रेडों और घरेलू उद्योग द्वारा निर्मित उत्पाद के सभी समान ग्रेडों पर विचार करने की आवश्यकता होती है। याचिकादाता द्वारा पेश की जा रही समान वस्तु में निम्नलिखित ग्रेड शामिल हैं और इसलिए यह आवश्यक होगा कि क्षति मार्जिन का निर्धारण करने के प्रयोजनार्थ इन पर विचार किया जाए । जहां तक पाटन मार्जिन का संबंध है, याचिकादाता को इस संबंध में वर्तमान कार्य-प्रणाली के बारे में कोई चिंता नहीं है।

84. एनआईपी का निर्धारण – उत्पादन की लागत पर विचारित केप्टिव इनपुट और फिर भी केप्टिव इनपुट पर 22 % प्रतिलाभ को शामिल नहीं किया गया है।

